नई दिल्ली

मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 27, अंक : 254

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 23

न्यून. 07

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


*लाभार्थियों से संवाद: चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं सर...*

## पीएम मोदी ने दर्शक दीर्घा में बैठकर सुना भाषण...फिर पूछा चुनाव 'लड़ोगी' क्या?



एजेंसी ▶▶| वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी संसदीय क्षेत्र के सेवापुरी गांव पहुंचे। यहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम नरेंद्र मोदी दर्शक- दीर्घा में बैठे। मंच पर विकास योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं ने अपनी-अपनी कहानियां सुनाईं। इस मौके पर एक भाषण ने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। वह भाषण था चंदा देवी का। विकास योजनाओं की लाभार्थी चंदा देवी ने सरकारी योजनाओं के बारे में अपने विचार रखे। पीएम नरेंद्र मोदी बड़े ध्यान से उनका भाषण सुनते रहे। इसके बाद पूछा, आप चुनाव लड़ी हो क्या? इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हमने कभी भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सवाल कर लिया कि क्या आप आगे चुनाव लड़ना चाहती हो? ▶▶शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

वाराणसी-नई दिल्ली रिवर्स वंदेभारत एक्सप्रेस का सोमवार को पीएम मोदी ने शुभारंभ किया। ये दोनों स्टेशनों के मध्य चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है। यह ट्रेन शाम को छह बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। यहीं उसका स्वागत किया जाएगा। डीसीएम हिमांशु शुक्ल ने बताया कि इस रिवर्स वंदेभारत ट्रेन के शुरू होने से वाराणसी से सुबह प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को तेज रफ्तार व आधुनिक सुविधा मिलेगी। इसका लाभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं, वाराणसी व दिल्ली जाने वाले व्यापारियों को मिलेगा।इसके अलावा सोमवार को पीएम मोदी ने वाराणसी को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें सड़कों और पुलों, स्वास्थ्य और शिक्षा, पुलिस कल्याण, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास परियोजनाएं, रेलवे और हवाई अड्डों पर परियोजनाएं शामिल हैं. साथ ही न्यू पंडित दीनदयाल उपाध्याय को न्यू भाऊपुर से जोड़ने वाली 10,000 करोड़ की फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का भी उद्घाटन शामिल है।

### आप लखपति दीदी बन गई हैं

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि चंदा देवी जी, आप लखपति दीदी बन गई हैं। हमारा सपना है कि देश में हम दो करोड़ लाखपति दीदी बनाएं। आपकी बात जब वे सुनेंगी तो उन्हें विश्वास हो जाएगा कि लाखपति दीदी बन सकते हैं। इस पर चंदा देवी ने कहा कि हमलोग बोल नहीं पाते हैं। यहां पर ही कई महिलाएं हैं जो समूह से जुड़कर लखपति बनी हैं। यहां पर हर किसी को बोलने का मौका नहीं मिलता है। इस पर पीएम ने पूछा कि कितनी लखपति महिला गांव में है? इस पर चंदा ने कहा कि हमारे यहां दो से तीन महिलाएं हर ग्रुप में लखपति दीदी बनी हैं। इस पर पीएम मोदी ने उनसे एक काम करने के बारे में पूछा।





DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
—DHIRAJ DHIR GROUP—
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹57500/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 7% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


लोकसभा अध्यक्ष ने तख्तियां दिखाने को लेकर की बड़ी कार्रवाई

# लोकसभा में विपक्ष के 33 और राज्यसभा के 45 सदस्य निलंबित

राज्यसभा से जयराम रमेश, वेणुगोपाल और सुरजेवाला समेत 45 सांसद किए गए निलंबित

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव पर ये सभी सांसद निलंबित किए गए






11 सांसदों के मामले को प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया



अधीर रंजन चौधरी | केसी वेणुगोपाल | रणजीत सुरजेवाला | टीआर बालू | सौगत रॉय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को कुल 78 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में हंगामे पर अध्यक्ष ने सख्त कार्रवाई करते हुए 33 सांसदों को निलंबित कर दिया जबकि राज्यसभा में सभापति ने 45 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर दिया।

लोकसभा में विपक्षी सांसदों के तख्तियां दिखाने को लेकर ये कार्रवाई की है। निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा में कांग्रेस के जयराम रमेश को भी निलंबित कर दिया गया है। आसन ने सभी सांसदों को शीतकालीन सत्र के बचे हुए कार्यदिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की मांग रखी। इसके बाद आसन ने इन सदस्यों को सस्पेंड कर दिया। लोकसभा में गत शुक्रवार को 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था।

इस प्रकार राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर कुल 92 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। सरकार की कार्रवाई के बाद विपक्ष आक्रोषित है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार का काम है सदन चलाना। हमें निलंबित करके आवाज दबाई जा रही है। वहीं, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार गृह मंत्री अमित शाह को बचाना चाहती है। चौधरी ने कहा कि हम पिछले दो दिन से अपने पहले निलंबित किए गए सांसदों का निलंबन खत्म करने की मांग कर रहे थे। हम संसद में सुरक्षा चूक पर बहस की मांग कर रहे थे। सांसदों को निलंबित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

गौरतलब है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी सदस्यों से सदन में प्लेकार्ड यानी तख्तियां नहीं लाने का आग्रह किया था। लेकिन संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां आसन के सामने दिखा रहे थे। यही नहीं, लोकसभा में विपक्षी सांसद अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार के मामले को प्रिवलेज कमिटी को ▶▶शेष पेज 5 पर



**भाजपा ने किया पलटवार, बोले किशन रेड्डी...**

### विपक्ष का ये पूरी तरह अभद्र व्यवहार

लोकसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि विपक्ष ने अभद्र व्यवहार किया। विपक्ष असुरक्षित महसूस कर रहा है क्योंकि उनके पास पीएम मोदी की सरकार के खिलाफ कोई एजेंडा या मुद्दा नहीं है। अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित कर दिया है और हमने इसका समर्थन किया है।

## खबर संक्षेप

### कोरोना से मौत के बाद अलर्ट मोड पर कर्नाटक



**कोडागु (कर्नाटक)।** पड़ोसी राज्य केरल में एक महिला में कोविड-19 का सब-वेरिएंट जेएन.1 पाए जाने के बाद कर्नाटक सरकार अलर्ट हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को मास्क पहनने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केरल में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है। और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए आवश्यक सभी चीजों से लैस है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना चाहिए। आदेश जल्द ही जारी किया जाएगा।

### पिकअप और रिक्शा की भीषण टक्कर, 8 की मौत



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर सड़क हादसा हुआ है। रविवार देर रात एक पिकअप ट्रक की यात्री रिक्शा से टक्कर हो गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। यह घटना डिंगोर-पिंपलगांव की सीमा पर कल्याण हाईवे रोड के पास पेट्रोल पंप के सामने हुई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। ओटूर से कल्याण की ओर से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप ट्रक और कल्याण से ओटूर आ रहे एक यात्री रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। पिकअप में चालक, उसकी पत्नी, 2 बच्चे और परिवार का एक और शख्स बैठा हुआ था।

पीजीआई लखनऊ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## महिला व बच्चे की दर्दनाक मौत वेंटिलेटर फटने से आग लगी!

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



राजधानी लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे में एक महिला व एक छोटे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। शहर के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ओटी एक में अपराह्न 12.40 पर मॉनिटर में स्पॉर्क होने के कारण आग लग गई और पहले वर्क स्टेशन और फिर पूरी ओटी में फैल गई। ओटी में धुआं भर जाने से एक महिला रोगी, जिसकी एन्डोसर्जरी ओ टी में सर्जरी चल रही थी व एक बच्चे को जिसकी हृदय की सर्जरी हो रही थी की मौत हो गई। हालांकि, इस दौरान अन्य मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। ▶▶शेष पेज 5 पर

## दुनिया का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र



| 68000 | 07 | 4000 | 125 | 20000 |
|---|---|---|---|---|
| वर्ग फुट में फैला हुआ महामंदिर | मंजिला भव्य स्वर्वेद महामंदिर तैयार | वेदों के दोहे लिखे गए | पंखुड़ियों वाला कमल शिखर | लोग एक साथ कर सकेंगे ध्यान |




**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ध्यान केंद्र का दौरा किया।

चीन का विरोध दरकिनार

## भारत ने सीमा पर रिकॉर्ड समय में बनाया हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के भारत-चीन सीमा पर बसे गांवों में बिजली नहीं होने से विकास की गति धीमी पड़ रही थी।

केंद्र सरकार, अरुणाचल प्रदेश सरकार और भारतीय सेना ने महसूस किया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले गांवों के लोगों तक बिजली पहुंचानी होगी। केंद्र सरकार ने प्रथम गांव काहो से करीब तीन किमी ऊपर जंगलों में समुद्र तल से करीब 9,000 हजार फुट से भी ऊपर दिचु नाले से पानी लेकर एक 100 किलोवाट का दिचु नाला माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने का फैसला किया। चीन को यह मंजूर नहीं था। भारत ने उसकी गीदड़ भभकी को



दरकिनार करते हुए सात महीने के रिकॉर्ड समय में दिचु हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कर दिया। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से वॉलोंग और किबिथू सर्कल के करीब 30 से अधिक गांवों को 24 घंटे रोशनी मिल रही है। इस प्रोजेक्ट का इसी वर्ष अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अंमित शाह ने उद्घाटन किया था।

### चीन को हटना पड़ा पीछे

प्रोजेक्ट से जुड़े एक उच्चाधिकारी ने बताया कि जब इसे शुरू किया जाने लगा तो चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने इसका विरोध शुरू कर दिया। वे ऊपर पहाड़ी पर आकर इसे बंद करने की धमकी देते। जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और उनके विरोध के बावजूद काम जारी रखा। भारतीय सेना ने इसके लिए चीनी सेना के अधिकारियों के साथ कई बॉर्डर पर्सनल मीटिंग (बीपीएम) की। भारत ने चीन को सख्त लहजे में संदेश दिया कि यह प्रोजेक्ट बनकर रहेगा, उसका विरोध बेकार है। इसके बाद चीन पीछे हटा। इस प्रोजेक्ट को सात महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में कुल लागत 3.8 करोड़ रुपये आई।


केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलेट का हिस्सा बनिए!
गर्व के साथ डिजिटल रुपया, भारत की अपनी सीबीडीसी का उपयोगकर्ता बनिए!




- **भविष्य की मुद्रा को अपनाइए:** डिजिटल रुपया के बारे में जानिए-जो कि आरबीआई द्वारा नकद राशि की तरह, सुविधाजनक डिजिटल रूप में जारी एक वैधानिक मुद्रा/करेन्सी है!
- **आसानी से डिजिटल लेन-देन कीजिए:** अपने फ़ोन में नकदी की सभी विशेषताएं पाइए, जिसका न तो खोने का डर है और न ही पूरे छुट्टे पैसे देने की चिंता! अब जेब को हल्की रखिए!
- **सुरक्षित और सहज लेन-देन का अनुभव पाइए:** देश भर में किसी भी व्यक्ति या व्यापारी के साथ, किसी भी यूपीआई QR कोड पर लेन-देन की शानदार सुविधाओं का लाभ उठाइए। बिना कोई लागत-खर्च किए व्यापारी तुरंत सीबीडीसी में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।
- **डाउनलोड, रजिस्टर, लेन-देन!** अपने पायलेट बैंक के डिजिटल रुपया ऐप के साथ शुरू करिए, जो कि प्लेस्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।




अपने बैंक के ऐप को डाउनलोड करने तथा अधिक जानकारी के लिए, इस QR कोड को स्कैन करें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

*पायलेट बैंक: ऐक्सिस बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केनरा बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया तथा यस बैंक।

# संसद सुरक्षा चूक: पुलिस ने किया प्राथमिकी की प्रति मांगने वाली आरोपी की याचिका का विरोध

## कोर्ट ने आवेदन पर आदेश आज के लिए सुरक्षित रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा प्राथमिकी की एक प्रति देने के अनुरोध से संबंधित उसके आवेदन का सोमवार को अदालत में यह कहकर विरोध किया कि इस स्तर पर 'महत्वपूर्ण जानकारी' के 'लीक' होने से जांच प्रभावित हो सकती है।

दिल्ली पुलिस ने विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष यह दलील दी, जिन्होंने नीलम आजाद द्वारा दायर आवेदन पर आदेश 19 दिसंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। मामले में गिरफ्तार एकमात्र महिला आरोपी ने दावा किया है कि उसे प्राथमिकी की प्रति उपलब्ध नहीं कराना उसके 'संवैधानिक अधिकार' का उल्लंघन है, क्योंकि वह अपने खिलाफ लगे आरोपों से अनजान है। पुलिस ने अदालत को बताया कि आतंकवाद सहित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की कड़ी धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी की प्रति संवेदनशील प्रकृति के होने कारण 'सीलबंद लिफाफे' में है। लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने अदालत को बताया कि जांच जारी है और आरोपी पुलिस रिमांड में ह। कुछ अन्य व्यक्ति, जो इसमें शामिल हो सकते हैं, वे अब भी फरार हैं। इसलिए इस स्तर पर आरोपी को प्राथमिकी की प्रति प्रदान करना जांच को प्रभावित कर सकता है। बहस के दौरान नीलम आजाद के वकील ने कहा कि उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। नीलम के वकील ने अदालत को बताया कि (नीलम आजाद के) माता-पिता दर-दर भटक रहे हैं। दिल्ली पुलिस उसे अपने परिवार से मिलने की अनुमति नहीं दे रही है और प्राथमिकी की प्रति भी नहीं दे रही है जो उसके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने शनिवार को नीलम की अर्जी पर पुलिस को नोटिस जारी किया था। मामले में पुलिस ने नीलम के अलावा ललित झा, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों से पुलिस हिरासत में पूछताछ की जा रही है। वर्ष 2001 के संसद में आतंकवादी हमले की बरसी के दिन एक बड़ी सुरक्षा चूक में दो व्यक्ति - सागर शर्मा और मनोरंजन डी दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए, 'केन' से पीले रंग का धुआं निकाला और जाने से पहले नारे लगाए। कुछ सांसदों और निगरानी एवं वार्ड कर्मचारियों ने उन्हें काबू में किया। लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों - अमोल शिंदे और नीलम देवी ने भी संसद परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए 'केन' से रंगीन गैस छोड़े। सागर, मनोरंजन, अमोल और नीलम को तुरंत हिरासत में ले लिया गया, जबकि उनके साथी विशाल को बाद में गुरुग्राम से हिरासत में लिया गया। संसद पहुंचने से पहले आरोपी विशाल के घर रुके थे। बाद में झा और कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया था।



## दिल्ली पुलिस ने मेटा से आरोपियों के फेसबुक पेज, खातों का विवरण मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों के सोशल मीडिया खातों और अब हटाए गए फेसबुक पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' के विवरण तक पहुंचने के लिए मेटा को पत्र लिखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। 'भगत सिंह फैन क्लब' के जरिये ही ये आरोपी एक-दूसरे के सम्पर्क में आए थे। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के बैंक खाते का विवरण भी एकत्र किया है ताकि यह पता किया जा सके कि क्या उन्हें 13 दिसंबर की घटना को अंजाम देने के लिए किसी से पैसे मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीम ने रविवार को आरोपियों के परिजनों से संपर्क किया और उनके बैंक खातों का विवरण इकट्ठा किया। सूत्रों के अनुसार, नीलम देवी और सागर शर्मा की बैंक पासबुक क्रमशः हरियाणा के जींद और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में उनके आवास से जब्त किये गये। दिल्ली पुलिस की 'काउंटर इंटेलिजेंस' इकाई ने आरोपी व्यक्तियों के सोशल मीडिया खाते तक पहुंचने के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप के मालिक मेटा को लिखा है और फेसबुक पेज 'भगत सिंह फैन पेज' जैसे सदस्यों की संख्या आदि का विवरण मांगा है। यह पेज आरोपी द्वारा बनाया गया था और बाद में हटा दिया गया। सूत्रों ने कहा कि मेटा से आरोपियों की व्हाट्सऐप चैट साझा करने का भी अनुरोध किया गया है, क्योंकि उनके मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, संसद सुरक्षा चूक की साजिश के 'साजिशकर्ता' ललित झा ने राजस्थान के नागौर में अपना मोबाइल फोन फेंक दिया और अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन जला दिए। पुलिस के अनुसार, ललित घटना के बाद वहां भाग गया था। बाद में पुलिस ने झा की निशानदेही पर टूटे और जले हुए मोबाइल फोन के टुकड़े बरामद किए। इन हिस्सों को फोरेंसिक विभाग में यह पता करने के लिए भेजा गया है कि क्या इनसे डेटा रिकवर किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए अब तक छह लोगों- सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। उन पर कड़े गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 150 साल पुरानी मस्जिद को गिराए जाने की आशंका संबंधी याचिका पर कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनहरी बाग रोड चौराहे पर 150 साल पुरानी मस्जिद को गिराने की आशंका वाली दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका पर सोमवार को कार्यवाही बंद कर दी, क्योंकि शहर के नगर निकाय ने कहा कि याचिकाकर्ता की आशंका का कोई आधार नहीं है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के वकील ने कहा कि उन्हें नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा कानूनी स्थिति के बाहर कार्रवाई किए जाने की आशंका है और अदालत को ऐसी मनमानी तथा अवैध कार्रवाई रोकनी चाहिए। एनडीएमसी के वकील ने इस दलील का पुरजोर विरोध किया और कहा कि याचिकाकर्ता के पास यह आशंका करने का कोई आधार नहीं है कि प्रतिवादी कानूनी स्थिति से हटकर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों को कोई कार्रवाई करनी होगी, तो वे मौजूदा नियमों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने एनडीएमसी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा का बयान दर्ज करते हुए याचिका का निपटारा कर दिया।

### राजौरी गार्डन थाना इलाके में हुई वारदात, पुलिस ने किए दोनों आरोपी गिरफ्तार

# रोडरेज में टैक्सी चालक की दो भाइयों ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजौरी गार्डन इलाके में रोडरेज की एक घटना में टैक्सी चालक को दो चचेरे भाइयों ने इस कदर पीटा की उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान 56 साल के रविंद्र सिंह के रूप में हुई। वह तिलक नगर इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने केस के आरोपी दोनों भाइयों को अरेस्ट कर लिया है।

शव को पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। मामले को लेकर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास हुई। एक शख्स के साथ दो लोग झगड़ा और मारपीट कर फरार हो गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पीड़ित को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि आरोपी सफेद रंग की क्रेटा कार में थे। रविंद्र के साथ उनका बेटा और एक रिश्तेदार भी था। वे जल्दबाजी में गाड़ी का नंबर भी नोट नहीं कर सके। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू की और आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा उन्हें दबोच लिया। इनके नाम जतिन सामरिया और पवन सामरिया है। दोनों चचेरे भाई है और कबाड़ी है। इस घटना के बाद दोनों पश्चिम विहार स्थित अपने घर चले गए थे।

## टैंपो ट्रैवलर के चालक ने बोनट पर लटके व्यक्ति को घसीटा

### कोटला मुबारकपुरः रोडरेज में ट्रैवलर को रोकने की कर रहा था कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोटला मुबारकपुर इलाके में बीती रात एक दूध कारोबारी की जान पर बन आई। दरअसल रोडरेज में एक टैंपो ट्रैवलर ने दूध कारोबारी को कुचलने की कोशिश की तो वह बोनट पर चढ़ गया। इसके बाद टैंपो चलता रहा और दूध व्यापारी कई किलोमीटर तक ट्रैवलर के बोनेट पर लटका रहा। डीएनडी पुल के पास ड्राइवर ने टैंपो रोका तब शख्स नीचे उतर सका। इसके बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कोटला मुबारकपुर थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने केस में आरोपी टैंपो ट्रैवलर चालक मनोज कुमार (30) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिये बयान में विक्की ने बताया कि उसका दूध का बिजनेस है। वह परिवार के साथ बिजवासन में रहता है। उन्होंने अपने टैंपो पर नया ड्राइवर रखा था। उसे रूट दिखाने के लिए वह दो दिन से रात को उसके साथ जा रहे थे। मूलचंद की तरफ जाते समय अचानक एक टैंपो ट्रैवलर के ड्राइवर ने बाएं तरफ से दूध के टैंपो के साथ गाड़ी को लगाया और लापरवाही से चलाते हुये तेजी से ओवरटेक कर आगे निकला। इस पर दूध कारोबारी ने मूलचंद रेड लाइट के पास उतरकर टैंपो ट्रैवलर को रोकने की कोशिश, लेकिन वह नहीं रुका। ट्रैवलर के चालक ने गाड़ी भगा दी, जिस कारण पीड़ित ने बोनट पर चढ़कर जान बचाने की कोशिश की। आरोपी ट्रैवलर ड्राइवर ने स्पीड बढ़ा दी और काफी दूर तक उसे बोनट से उतरने नहीं दिया। बीच सड़क गाड़ी चलती रही र पीड़ित जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष करता रहा। आखिर में डीएनडी के पास अचानक ड्राइवर ने ट्रैवलर को रोका। जैसे ही पीड़ित नीचे उतरा, तो आरोपी ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। कुछ राहगीरों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



पीड़ित ने की पुलिस शिकायत।

### दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला'

# सुप्रीम कोर्ट ने की कारोबारी महेंद्रू की जमानत अर्जी रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में शराब कारोबारी समीर महेंद्रू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कारोबारी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली की रिपोर्ट पर गौर किया जिसमें कहा गया कि महेंद्रू किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने 11 दिसंबर को एम्स से महेंद्रू की स्वास्थ्य जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने को कहा था। आरोपी ने दावा किया था कि वह पीठ और घुटने की समस्याओं सहित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं। पीठ ने एम्स से यह भी पूछा था कि वह अपनी रिपोर्ट में यह बताए कि क्या उन्हें किसी इलाज की जरूरत है और क्या यह जेल में उपलब्ध कराया जा सकता है। पीठ ने 15 दिसंबर को मेडिकल रिपोर्ट पर विचार करते हुए महेंद्रू की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे से कहा कि अब, हमारे पास एम्स की एक रिपोर्ट है। इसमें कहा गया है कि कुछ भी गंभीर नहीं है। दवे ने जवाब दिया कि यह किस तरह की रिपोर्ट है? चिकित्सकों ने एमआरआई स्कैन किए बिना ही अपनी रिपोर्ट दे दी है।

#### प्रतिष्ठित अस्पताल की रिपोर्ट पर संदेह नहीं

पीठ ने दवे से दो टूक शब्दों में कहा कि वह प्रतिष्ठित अस्पताल की रिपोर्ट पर संदेह नहीं कर सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हम अपने निर्णय में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। हम यह स्पष्ट करते हैं कि आक्षेपित निर्णय और वर्तमान विशेष अनुमति याचिका को खारिज करने का मामले में नियमित जमानत के आवेदन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के 19 अक्टूबर के आदेश के खिलाफ महेंद्रू की अपील पर सुनवाई कर रहा था।

## वायु प्रदूषण फिर पहुंचा बहुत खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों को इस समय मौसम और वायु प्रदूषण की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। सोमवार को जहां एक तरफ सुबह न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुई। ऐसे में कई जगह कोहरे ने भी अपना रूप दिखाया। जिसके चलते लोगों को ठंड के साथ ही प्रदूषण ने भी परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार सुबह के समय दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 333 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। जबकि कई जगह हवा इससे भी खराब श्रेणी में दर्ज हुई। पर्यावरण विभाग के अनुसार दिल्ली में गत कई दिनो से वायु प्रदूषण का स्तर सुधर नहीं रहा है। ऐसे में लोगों को, खासकर मरीजों, बुर्जुगों व बच्चों को धर बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क अवश्य पहनना चाहिए। वहीं सुदंरम अस्पताल के डॉक्टर मनीष ओबेरॉय ने लोगों को नसीहत दी है कि यह मौसम खतरनाक है। एक तरफ ठंड बढ़ रही है, दूसरी तरफ वायु प्रदूषण घट नहीं रहा और तीसरा दिन में ठंड कम पड़ना। यह तीनों एक तरह से लोगों के लिए बीमारी का कारण बन सकते है। सांस, टीबी, रक्तचाप जैसी बीमारियों के मरीजों के लिए यह मौसम सही नहीं है। इसके अलावा केंद्रीय मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह के समय न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# भारतीयों का डाटा डार्क वेब पर बेचने वाले चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) डाटा लीक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। डार्क वेब पर भारतीयों की निजी जानकारी बेचने का आरोप इन लोगों पर है। करीब 10 दिन पहले इन्हें तीन अलग अलग राज्यों से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया।

सूत्रों के अनुसार 81 करोड़ से अधिक भारतीयों की निजी जानकारी आईसीएमआर के डाटा बैंक से लीक होने का मामला इस साल के शुरूआत में सामने आया था। डार्क वेब पर बिक्री के लिए डाटा उपलब्ध होने का पता चलने पर दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच में डाटा लीक होने की खबर को सही पाया था। इसके बाद पुलिस लगातार टैक्नीकल सर्विलांस के जरिये आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। सूत्रों के मुताबिक डाटा लीक के आरोपी एक गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मिले और जल्दी पैसा कमाने के लिए डाटा हैक करने और उसे बेचने का इन्होंने फैसला किया था। लीक डाटा में भारतीयों के नाम, फोन नंबर और पते के साथ आधार और पासपोर्ट की जानकारी भी शामिल थी। यह डाटा कोविड-19 परीक्षण के दौरान इकत्रित किया गया था। गौरतलब है कि आईसीएमआर फरवरी से कई साइबर हमले के प्रयासों का सामना कर रहा है और केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ परिषद को भी इसकी जानकारी थी। पिछले साल आईसीएमआर सर्वर को हैक करने की छह हजार से अधिक कोशिशें की गई थी।

### महिला घसीटने का मामला

## परिवहन मंत्री ने मांगी डीएमआरसी से रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के दरवाजे में फंसकर महिला के घसीटने और बाद में उसकी मौत को लेकर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने नोटिस जारी कर डीएमआरसी से इस घटना की पूरी जानकारी मांगी है। इस बारे में मिली जानकारी अनुसार मंत्री गहलोत ने सोमवार को बोलते हुए कहा कि ऐसी दुखद घटना से बहुत दुख होता है। इस मामले पर मैंने डीएमआरसी को पत्र लिखकर कहा है कि उक्त घटना की जांच से जुड़ी पूरी रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे। हमने डीएमआरसी के एमडी सतीश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि इस मामले की पूरी जांच रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भी भेजी जानी चाहिए। गहलोत ने कहा कि हमने डीएमआरसी से पूछा है कि यह बताएं कि वह डीएमआरसी की मुआ वजा नीति के बारे में भी पूरा विवरण भेजा जाए। मंत्री ने कहा कि इस गंभीर मामले को देखकर हमने डीएमआरसी से कहा है कि उसे (पीड़ित परिवार के) पुनर्वास के लिए हर संभव कदम उठाना चाहिए। रीना के पति की करीब सात साल पहले मौत हो गई थी। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है।

# सदर बाजार से एक हथियार डीलर धरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एक पिस्टल, चार कट्टे और 14 कारतूस बरामद

पुलिस पिकेट अहाता किदारा, थाना सदर बाजार की टीम ने एक हथियार डीलर के अरेस्ट किया है। दिलशाद आलम उर्फ जावेद नामक डीलर के पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, चार देशी कट्टे और 14 कारतूस बरामद हुये। गिरफ्तार शख्स 20 से अधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

पुलिस के अनुसार एसआई नीलम, प्रभारी पुलिस चौकी अहाता किदारा के नेतृत्व में एसआई ललित, हेड कांस्टेबल पंकज, हेमंत, शैलेन्द्र व कांस्टेबल सीताराम की टीम ने छापेमारी कर हथियार डीलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिलशाद आलम संगम विहार, दिल्ली का रहने वाला है। उसकी उम्र 26 वर्ष बताई गई है। पूछताछ के दौरान आलम ने खुलासा किया कि वह तिहाड़ जेल में बंद अपने साथियों के निर्देश पर हथियारों की आपूर्ति कर रहा था। एक सहयोगी ने उसे एक व्यक्ति से खेप लेने और आगे के निर्देशों का इंतजार करने के लिए कहा था।

### आरोपी हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में रहा है शामिल

# टक्कर गैंग का शूटर सीकर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दक्षिण पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ ने सागरपुर थाने के हत्या के प्रयास केस में वांटेड बदमाश को राजस्थान के सीकर से अरेस्ट किया है। आरोपी सुमित उर्फ हेमू का संबंध विक्की टक्कर उर्फ पाजी गैंग से बताया गया है।

इस पर पहले भी हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के पांच मामले दर्ज पाये गये हैं। सिगरेट के बकाया रुपयों को लेकर हुये झगड़े में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार पर दो राउंड फायरिंग की थी। हमले में दुकानदार की जान बच गई थी और केवल घुटना जख्मी हुआ था। पुलिस के अनुसार सुमित डिफेंस एन्क्लेव, मोहन गार्डन, उत्तम नगर का रहने वाला है। इसके खिलाफ सागरपुर थाने में केस दर्ज था। चार दिसंबर को इसने अपने साथियों के साथ मिलकर मोहम्मद इरफान नामक एक दुकानदार पर गोलियां गली नंबर 2, रघु नगर, सागरपुर में उस समय फायरिंग की थी जब वह अपनी दुकान पर बैठा था। दो राउंड फायरिंग करने के बाद आरोपी स्कूटी से भाग गये थे। इस घटना के बाद आसपास के दुकानदार भी खौफजदा थे। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, स्पेशल स्टाफ की टीम को भी जांच में लगाया गया था। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास के एरिया के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। संदिग्धों पर मैनुअल और तकनीकी निगरानी रखी गई। कड़ी मेहनत और इनपुट से आरोपी व्यक्तियों की पहचान हो गई। 12 दिसंबर को एसआई अशोक कुमार को मामले में विक्की टक्कर गैंग के हाथ का पता चला। इसके बाद पुलिस की टीम सुमित को तलाश करती हुई खाटू श्याम मंदिर, सीकर तक पहुंची। आरोपी को मंदिर के बाहर से पकड़ लिया गया। आरोपी की 2022 में विक्की टक्कर उर्फ पाजी से जेल में मुलाकात हुई थी। इसी साल जेल से बाहर आया था। सिगरेट की कुछ बकाया रकम के मुद्दे पर इरफान पर गोली चलाई गई थी।

## महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर होगा कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द की 200वीं जयंती का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 10 से 12 फरवरी 2024 को टंकारा राजकोट (गुजरात) में भव्य आयोजन होगा। आर्य समाज के प्रवक्ता विनय आर्य ने बताया कि ज्ञान ज्योति आयोजन समिति के आह्वान पर दिल्ली आर्य सभागार ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतर्गत प्रादेशिक आर्य प्रतिनिधि सभाओं, दिल्ली की आर्य संस्थाओं, डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्त्री समिति, महर्षि दयानन्द स्मारक ट्रस्ट टंकारा व देश भर के गुरुकुलों के अधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस विशेष बैठक में 200वीं जयंती पर 2 वर्षीय कार्य योजना की पूर्ण प्रस्तुति व विभिन्न कार्यक्रमों के निर्धारण और आर्य संगठनों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

| अपराधी का नाम व पता | मुकदमों का विवरण |
|---|---|
| 1. AJIT S/O PRITAM R/O VILLAGE RAKSHERA PS SAMALKHA, DISTT. PANIPAT STATE HARYANA | FIR NO. 151 OF 2016 U/S 148/149/323/506 PS GANAUR |

उपरोक्त सूची में दर्शाया गया अपराधी माननीय न्यायालय Ms. Soniya Sheokand SDJM/GNR से 82 CrPC में Warrant of Arrest जारी किये गये हैं। उपरोक्त अपराधी को दिनांक 20.12.23 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश होना है। यदि वह न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यदि इस अपराधी बारे किसी भी व्यक्ति को सूचना मिलती है तो वह निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित कर सकता है।

**प्रबन्धक थाना गन्नौर मो. न.- 7419410542**
**मोहर्र थाना गन्नौर मो. न.- 7419410642**
**अनुसंधानकर्ता मो. न.- 94166-30404**
**कंट्रोल रूम मो. न.- 0130-2222903**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस उपायुक्त,
मुख्यालय सोनीपत।
दि. 18-12-23

पीआरडीएच-1084/11/1994/2024/23505/88/7 दि. 18.12.23

## विधानसभा अध्यक्ष ने शाम पांच बजे तक पेश होने का दिया था आदेश

# स्पीकर के आदेश के बाद भी विस नहीं आए प्रधान सचिव वित्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सत्तापक्ष के सदस्यों ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव वित्त आशीष चंद्र वर्मा कामकाज पर सवाल खड़े करते हुए सदन में उन्हें तुरंत तलब करने की मांग की। प्रधान सचिव वित्त सदन में तलब न होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। सत्तापक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि वित्त विभाग के प्रमुख सचिव के द्वारा विभागों को फंड जारी न करने के कारण लगभग सभी विभागों के काम अधूरे पड़े हुए हैं। इस पर सत्तापक्ष के सभी सदस्यों ने एक स्वर पर प्रधान सचिव वित्त को सदन में तलब करने की मांग की। तब विधानसभा को सूचित किया गया कि वह अवकाश पर हैं। इस वित्त सचिव पर ही जवाब देने को कहा गया। तब विपक्ष के नेता ने इसका विरोध किया जिसके बाद अध्यक्ष पर जोर देकर सत्तापक्ष के सदस्यों ने कहा कि प्रधान सचिव वित्त को आज ही सदन में बुलाया जाए। इस पर अध्यक्ष ने शाम पांच बजे तक प्रधान सचिव वित्त को सदन में उपस्थित होने का आदेश दिया। लेकिन वह सदन में उपस्थित नहीं हुए जिसके बाद सत्तापक्ष के सदस्यों की सर्वसम्मति से इस मामले को विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। सदन की कार्रवाई शुरू होते ही अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने प्रधान सचिव वित्त द्वारा ई-विधानसभा से संबंधित कामकाज को रोकने का मामले का जिक्र करते हुए कहा कि यह गंभीर मामला है। अभी तक कई वर्ष बीतने के बाद भी विधानसभा इस योजना को लागू नहीं कर सकी क्योंकि उसके लिए कंसलटेंट की नियुक्ति तक नहीं हो सकी है जबकि बजट में 20 करोड़ रुपए आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा की कैंटीन के भुगतान तक नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के प्रमुख सचिव आशीष चंद्र वर्मा द्वारा धनराशि स्वीकृत नहीं किए जाने के कारण इस वर्ष दिवाली और छठ त्योहार पर विधानसभा के वार्षिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा सके। उन्होंने कहा कि क्रिसमस पर समारोह भी आयोजित नहीं किया जाएगा। भोजनावकाश के बाद इस मामले पर बहुत देर तक हंगामा चलता रहा। दरअसल प्रधान सचिव वित्त ने सूचित किया वह अवकाश पर हैं और सचिव वित्त को जैसे ही सदन में बोलने की मंजूरी दी तभी नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा जब प्रधान सचिव वित्त को तलब किया है तो सचिव का बयान क्यो?



### विपक्ष ने पैनिक बटन घोटाले का मामला विधानसभा में उठाया

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली में बसों और टैक्सियों में पैनिक बटन लगाने के नाम पर हुए सैंकड़ों करोड़ रुपए के घोटाले का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के नाम पर हुए इस घोटाले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो ने की है और अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस घोटाले से दिल्ली के खजाने से करोड़ों रुपए लूटे गए हैं। बिधूड़ी ने सदन में मौजूद परिवहन मंत्री से वक्तव्य की मांग की लेकिन उन्होंने इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। बिधूड़ी ने नियम-280 के तहत विधानसभा में यह मामला उठाते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और परिवहन विभाग ने यही दावा करते हुए इसके लिए पैनिक बटन लगाने का फैसला किया था। दिल्ली में पैनिक बटन लगाने के नाम डीटीसी और क्लस्टर बसों के अलावा टैक्सी वालों से करोड़ों रुपए बटोरने की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो को मिली थी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जब इसकी जांच की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

### विधानसभा के सभी वित्तीय मामले सीधे वित्त विभाग को भेजे जाएं, प्रस्ताव पारित

विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि पूर्व की भांति प्रशासनिक एवं वित्तीय मामले सीधे वित्त विभाग को भेजे जाएं। इस प्रस्ताव पर उन्होंने सदस्यों ने मंजूरी मांगी जिसके सर्वसम्मति से सदन में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वहीं दिल्ली माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दी गई। वहीं विधानसभा ने सोमवार को दिल्ली सरकार में अधिकारी वाई. राजशेखर के ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर प्रस्तुत पिछड़ा वर्ग के प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के प्रस्ताव को भी मंजूर दे दी गई। सदन में दिल्ली जल बोर्ड के उन 15 रैट माइनर्स को भी उनके अतुलनीय कार्यों के लिए धन्यवाद दिया गया जिन्होंने उत्तराखंड में फंसे मजदूरों की जान बचाई।

### सीएम आवास मामले पर चर्चा की मांग खारिज, विपक्षी सदस्यों को किया मार्शल आउट

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास सौंदर्यीकरण मामले पर चर्चा की मांग खारिज किये जाने का विरोध कर रहे विपक्ष के सभी सदस्यों को सोमवार को मार्शलों द्वारा दिल्ली विधानसभा से बाहर कर दिया गया। नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इसे सरकार की तानाशाही और लोकतंत्र की हत्या करार दिया है और विरोध स्वरूप पर विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया। दरअसल विपक्ष के सदस्य अजय महावर ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस मुद्दे को उठाने का नोटिस दिया था जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार भी कर लिया था। जब सोमवार को नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस मामले पर चर्चा की मांग की तो अध्यक्ष ने साफ इनकार कर दिया। बिधूड़ी ने कहा कि विपक्षी सदस्यों द्वारा चर्चा के लिए दिए गए नोटिस स्वीकार किए जाने के बावजूद उन पर चर्चा नहीं कराई जाती। शुक्रवार को सदन के पहले दिन भी यही स्थिति थी। अजय महावर ने अपने नोटिस में कहा था कि सीएम आवास के सौंदर्यीकरण में नियम-कायदों को ताक पर रख दिया गया है। इसके लिए नक्शा पास नहीं कराया गया, पेड़ काटने की अनुमति नहीं ली गई, बिना टेंडर के करोड़ों रुपए का काम आवंटित किया गया और 21 फ्लेटों और आसपास के दो बंगलों को इसमें समाहित कर लिया गया।

## किसानों ने मुख्यमंत्री आवास का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली किसान अधिकार मोर्चा ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास के बाहर हाई टेंशन लाइन को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बवाना से पूर्व विधायक वेदप्रकाश और दिल्ली किसान अधिकार मोर्चा के संयोजक सतेन्द्र लोहचब के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्गों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और केजरीवाल सरकार से मांग की कि किसानों के खेतों में पावर ग्रिड के खंबों और लाइने बिछ रही हैं उसका 100 फीसदी उन्हें मुआवजा दिया जाए। धरने में शामिल किसानों ने दिल्ली विधानसभा का भी घेराव करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों को वहां जाने से रोक दिया। बता दें कि बवाना विधानसभा के औचंदी गांव में करीब दो माह से किसान अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे है। किसानों की मांग है कि अगर हरियाणा सरकार अगर 100 फीसदी मुआवजा देने की मंजूरी दे सकती है तो फिर खुद को किसान का बेटा कहने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली में किसानों को क्यों नहीं सुविधा दे रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें अभी तक किसान का दर्जा तक नहीं मिला है और धारा 81 भी अभी तक दिल्ली सरकार द्वारा नहीं हटाया गया और ना ही मुआवजे की राशि बढ़ाई गई।

### दो दिवसीय विधानसभा सत्र में हुई जनता के पैसों की बर्बादी

दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र पर टिप्पणी करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सत्र में जनहित के मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई। सत्र के नाम पर दिल्ली की जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद की गई है। लवली ने कहा कि राजधानी में महिलाओं के प्रति अपराधों में 72.4 प्रतिशत की वृद्धि बहुत चिंता का विषय है, केंद्र और दिल्ली सरकार अपराधों को रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि दो दिन का सत्र जनता से जुड़े मुद्दों का हल निकालने की बजाय सत्तारुढ़ दल आम आदमी पार्टी और विपक्षी दल भाजपा के विधायकों के आपसी टकराव में और बेबुनियाद बर्बाद हो गया। जबकि दिल्ली के लोग लंबे समय से गंभीर वायु प्रदूषण के कारण सांस लेने, फैफड़ों संबंधी स्वास्थ्य संकट को झेल रहे। पिछले लगभग एक महीने से भी अधिक समय से एक्यूआई खतरनाक स्तर से ऊपर हो रहा है। दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की स्थिति देश में सबसे खराब हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष तक ने स्ट्रीट लाईट की कमी पर चिंता व्यक्त की है और टूटी और धूल भरी सड़के प्रदूषण फैला रही है जिसको ठीक करने में पीडब्ल्यू विभाग पूरी तरह विफल साबित हुआ है। लवली ने कहा कि तमाम जटिल समस्याएं राजधानी में नासूर की तरह है जिनका सरकारों के पास कोई समाधान नही हैं।

### बेघरों की मौत का मामला विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया

दिल्ली में इस सर्दी में 203 बेघर लोगों की मौत होने के विपक्ष के आरोप से संबंधित मामले को सोमवार को जांच के लिए दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया। विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली पुलिस की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शुक्रवार को विधानसभा के सत्र के दौरान यह आंकड़ा साझा किया था। सत्तापक्ष के सदस्य संजीव झा ने नेता विपक्ष के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट की पड़ताल की और जून से 15 दिसंबर तक दिल्ली में बेघर लोगों की मौत की संख्या पर महीनेवार आंकड़े मिले। झा ने कहा कि जब मैंने मौत का कारण देखा, तो इसे अन्य कारणों के अलावा दुर्घटना या चोट के रूप में उल्लेख किया गया है। झा ने कहा कि विपक्ष द्वारा उठाया गया मामला विशेषाधिकार का विषय है और उन्होंने नेता विपक्ष पर सदन तथा दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

### किसी उद्योगपति से पैसे लेने की बजाए आम लोगों से पार्टी के लिए चंदा लेना सही: लवली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सोमवार को एक बयान में कहा कि हमारे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि किसी उद्योगपति से चंदा लेने की बजाए आम लोगों से पार्टी के लिए सहयोग लेना ज्यादा बेहतर है। लवली ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के लिए आम लोगों से, अपने नेता व कार्यकर्ता से चंदा लेने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने खुद चंदा देकर इसकी शुरुआत कर दी है। पार्टी अध्यक्ष खड़गे कहते है कि पार्टी चलाने के लिए किसी भी उद्योगपति से चंदा लेने के बजाए अगर हम आम आदमी मतलब कॉमन मैन से ही चंदा लेते है तो ज्यादा बेहतर है। लवली ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस राजधानी में पार्टी डोर टू डोर कैंपेन शुरू कर रहे है जिसमें इस योजना के तहत घर घर जाने से सीधे लोगों से हमारा संपर्क होगा। ऐसे में कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपनी तरफ से कांग्रेस के लिए चंदा भी दे सकते है।

### छोटे इवेंट करवाकर केजरीवाल सरकार करोड़ों रुपये का कर रही है भ्रष्टाचार : खुराना

**नई दिल्ली।** छोटे इवेंट करवाकर केजरीवाल सरकार करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर रही है। एक दो दिवसीय इवेंट में कुल एक करोड़ रुपये खर्च होना कोई संयोग नहीं बल्कि केजरीवाल सरकार का एक प्रयोग है। दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केजरीवाल सरकार को घेरते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार की दुकान हो गई है और उसका एक और भ्रष्टाचार सबके सामने आया है। 1 जुलाई 2022 को प्लास्टिक विकल्प मेला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में बिना किसी टेंडर के कुल एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया। सवाल यह है कि सरकार में ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए महीनों पहले ही तारीख तय हो जाती है फिर इसका टेंडर क्यों नहीं किया गया। व्यक्तिगत स्तर पर किसी टेंट वाले, बैनर वाले को काम दिए गए और मनमाने ढंग से खर्च राशि दिखाकर पैसे आपस में बांट लिए गए।

### डीजेबी जनसंपर्क शिविर का आयोजन 26 से 30 दिसंबर तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने घोषणा की है कि आने वाली 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक सभी जोन में लोगों की सहुलियत के लिए जन- संपर्क शिविर का आयोजन करेगा। डीजेबी के अनुसार इन शिविरों में लोगों को अपने पानी के बिल संबंधी सभी जानकारी मिलेगी साथ ही समस्या का समाधान भी प्राप्त होगा। जानकारी अनुसार डीजेबी के कैंप में नए कनेक्शन सम्बंधित, पानी के मीटर सम्बंधित,पानी के बिल सम्बंधित, कनेक्शन रेगुलेशन सम्बंधित, डिस्कनेक्शन सम्बंधित, म्यूटेशन सम्बंधित सभी जानकारी मिलेगी। डीजेबी ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है, जन सेवा ही संकल्प है। डीजेबी ने कहा कि उम्मीद है कि इस कैंप के आयोजन से हजारों लोगों को बहुत फायदा होगा। उनकी समस्याओं का समाधान होगा जिससे उनका समय बचेगा।

## डीयू में आयोजित कार्यक्रम में बोले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल

# जनता से छुपाना नहीं है गुड गवर्नेंस : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जनता से छिपाना गुड गवर्नेंस नहीं है, अपितु जनता को बताना ही गुड गवर्नेंस है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दिल्ली विश्वविद्यालय में जी 20 कनेक्ट व्याख्यान श्रृंखला के तहत गुड गवर्नेंस (सुशासन) पर आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में सोमवार को किया। कार्यक्रम के दौरान अपने अध्यक्षीय




भाषण में डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि जब हम गुड गवर्नेंस पर बात करते हैं तो यह सम्पूर्ण समाज के लिए होनी चाहिए। सिन्हा ने अपने व्याख्यान में आगे कहा कि सरकारों द्वारा जो धन विकास पर खर्च किया जाता है। वह जनता का ही होता है, इसलिए जनता को बताया जाए कि कहाँ क्या चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस की चर्चा करते हुए कहा उन्होंने कि प्रधानमंत्री के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज जनता ऑनलाइन जान सकती है कि किस काम पर कितना पैसा खर्च किया जा रहा है।

उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पर 90 प्रतिशत सरकारी सेवाएँ ऑटो अपील मोड में हो चुकी हैं। इस माध्यम से लोगों की फीडबैक और सुझाव भी प्रशासन तक पहुंचते हैं और समय पर समाधान संभव हुआ है। लोगों को इस व्यवस्था से काफी सुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में भूमि रिकॉर्ड की काफी समस्या थी, जिसे ठीक कर दिया गया है। जनता की फीडबैक पर जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आगे कहा कि भारतीय सभ्यता की पहचान वसुधैव कुटुंबकम से है। उन्होंने देश में गुड गवर्नेंस की जरूरत पर भी विस्तार से बात की। कुलपति ने कहा कि हमारा देश कई क्षेत्रों में अच्छा कर रहा है। उन्होंने भगवत गीता के श्लोक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन' का जिक्र करते हुए कहा कि यही भारत में गुड गवर्नेंस का सबसे अच्छा उदाहरण है।

### केजरीवाल को बिना किसी बहाने के ईडी जांच में होना चाहिए शामिल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्लीवासियों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार 21 दिसंबर को बिना कोई बहाना बताए प्रवर्तन निदेशालय की जांच में शामिल होंगे। सचदेवा ने कहा है कि पिछली बार जब सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन भेजा था तो उन्होंने समय विस्तार के अनुरोध के लिए चुनाव प्रचार का हवाला दिया था। अब न तो चुनाव हैं और न ही कोई अन्य जरूरी राजनीतिक या प्रशासनिक काम, इसलिए अगर सीएम केजरीवाल ईमानदार हैं तो उन्हें ईडी की जांच में शामिल होना चाहिए। सीएम केजरीवाल द्वारा किसी भी अन्य बहाने का मतलब यह होगा कि वह पूछताछ से बचने की कोशिश कर रहे हैं और शराब घोटाले और उसके बाद धन के लेन-देन में उनकी संलिप्तता है।


## जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

### क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल इस्तेमाल करने का तरीका

STEP 1 — डा. ऑर्थो तेल की कम से कम 8ml से 10ml मात्रा कटोरी में लेकर पीड़ित अंग/जोड़ पर धीरे-धीरे हल्के हाथ से मालिश करें।

STEP 2 — पीड़ित अंग/जोड़ पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से तब तक मालिश करें जब तक तेल पूर्णतः समा न जाए।

STEP 3 — आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से मालिश सुबह नहाने के बाद और रात्रि में सोने से पहले करें। यह ज्यादा लाभप्रद रहता है।

STEP 4 — डा. ऑर्थो तेल के प्रयोग से पहले एवं बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धो लें।

STEP 5 — आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से अधिक एवं शीघ्र लाभ के लिए डा. ऑर्थो के दो कैप्सूल सुबह व दो कैप्सूल शाम को दूध या गुनगुने पानी के साथ सेवन करना लाभकारी है।

STEP 6 — पुराने एवं जटिल रोगों के लिए डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल का नियमित 3 माह का प्रयोग अधिक लाभकारी एवं निर्देशित है।

STEP 7 — यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है।साथ ही यह Clinically Tested भी है।

### क्या आप यह भी जानते हैं? जानू बस्ती थेरेपी क्या है और इसे डा. ऑर्थो तेल के साथ इस्तेमाल करने का तरीका

**जानू बस्ती थेरेपी क्या है**

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

**जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये**

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।



**जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है**

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

## खबर संक्षेप

### व्यापारी की हत्या व लूट करने वालों को उम्रकैद

**गुरुग्राम ।** स्कूटी से घर लौट रहे व्यापारी की सदर बाजार में गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत में सुनवाई हुई।



अदालत ने मामले में संलिप्त पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं मामले में एक दोषी को हथियार सप्लाई करने के मामले में 10 हजार रुपए जुर्माना व दो साल कैद की सजा सुनाई है।

### टैक्स बार एसो.की नववर्ष डायरी का विमोचन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद आयकर बार एसोसिएशन द्वारा नववर्ष 2024 की डायरी का विमोचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर आईआरएस आनद कुमार केडिया व आयुक्त आयकर अपील डॉ. सुनील गौतम मुख्य रूप से मौजूद रहे। आनन्द कुमार केडिया व डॉ. सुनील गौतम ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित किया इसके बाद डायरी का विमोचन भी किया।



### वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अंकित दिल्ली का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने उसे सराय ख्वाजा एरिया से गस्त के दौरान काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



### कार ने दो सगे भाइयों का कुचला, मौत

**गुरुग्राम ।** बिलासपुर एरिया के गांव पथरेड़ी के नजदीक तेज रफ्तार कार ने पैदल घर जा रहे दो सगे भाइयों का कुचल दिया। हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई। जबकि हादसे को अंजाम देकर चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सतबीर के दोनों बेटे थे और अविवाहित थे। दोनों बेटों की हादसे में हुई मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।



### स्कॉर्पियो पलटने से बाइक सवार चपेट में, मौत

**गुरुग्राम ।** राजीव चौक अंडरपास में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से एक बाइक सवार भी इसकी चपेट में आ गया। हादसे में बाइक सवार युवक व स्कॉर्पियो के ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।हादसे में गाड़ी का एक टायर भी निकल गया और गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।




### वीडियो बनाकर 2.88 करोड़ वसूले, काबू

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने सेक्सटॉर्शन रैकेट चलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल स्नेचिंग कर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते थे। आरोपी ब्लैकमेलिंग के जरिए अब तक 2.88 करोड़ रुपए वसूल चुके हैं। रैकेट में तीन अन्य लोग जुड़े हैं, जिनकी तलाश में पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है।



# एसआईटी को वैज्ञानिक और तकनीकी के आधार पर तेजी से कार्रवाई के निर्देश

*आग लगाने के मामले में पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मौके पर एसीपी क्राइम अमन यादव और एसएचओ सारन मौजूद रहे एसआईटी टीम को मामले में तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विगत 13-14 दिसम्बर की रात को गौरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के भाई महेश पांचाल निवासी पर्वतीय कॉलोनी को आग लगाने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसमें पीड़ित महेश की शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त द्वारा अध्यक्ष एसीपी क्राइम अमन यादव, सदस्य थाना सारन एसएचओ, पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी और क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 एसआईटी टीम गठित की गई है। मौके से एफएसएल की टीम के द्वारा साक्ष्य लेकर फॉरेंसिक साइंस लैब में भेजे गए है।

*पुलिस कमिश्नर ने महेश आगजनी मामले में घटनास्थल का किया मुआयना*




पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आग लगाने के मामले में पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने आज घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मौके पर एसीपी क्राइम अमन यादव और एसएचओ सारन मौजूद रहे एसआईटी टीम को मामले में तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मामले में महेश के जुडिशल मजिस्ट्रेट के द्वारा 164 आईपीसी के बयान कराए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तफ्तीश की जा रही है। घटना स्थल से जाने वाले सभी रास्तों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की जा रही है। आस-पास के लोगों से भी जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा

# सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए 1301 नए पात्रों ने कराया पंजीयन

प्रथम चरण में शास्त्री नगर स्थित एफ ब्लॉक पार्क में कार्यक्रम हुआ दूसरे चरण में महरौली स्कूल में कार्यक्रम हुआ, केंद्र सरकार से आई वैन के द्वारा जन-जन तक योजनाओं की सूचना पहुंचाई जा रही है।

◆ महापौर तथा साहिबाबाद विधायक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद के कवि नगर जोन में दो चरणों में हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में लगभग 3100 लोग शामिल हुए। जिसमें से 1301 पात्रों द्वारा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया। महापौर सुनीता दयाल तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित जनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई।

प्रथम चरण में शास्त्री नगर स्थित एफ ब्लॉक पार्क में कार्यक्रम हुआ दूसरे चरण में महरौली स्कूल में कार्यक्रम हुआ, केंद्र सरकार से आई वैन के द्वारा जन-जन तक योजनाओं की सूचना पहुंचाई जा रही है, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, जोनल प्रभारी कवि नगर राजवीर सिंह व अन्य टीम की देखरेख में भव्यता से कार्यक्रम सफल हुआ। 19 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक विवेकानंद नगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन होगा, दूसरे चरण में 2 से साढ़े 4 तक स्वर्ण जयंतीपुरम गोविंदपुरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, मुख्य अतिथियों ने नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहे भव्य कार्यक्रमों की सराहना की गई, कार्यक्रम में साहब सिंह सिरोही क्षेत्रीय पार्षद आदि उपस्थित रहे।

### वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा

**फरीदाबाद।** प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा में चावला कॉलोनी, 60 फुट रोड में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का स्वागत किया। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भाजपा नेता शर्मा ने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा। देश के प्रधानमंत्री की सोच दूरगामी है और सोच के साथ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने का अनोखा अभियान शुरू किया गया है, जिसमें प्रत्येक देशवासी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।



भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और स्वयं वहां बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### सीएम घोषणा के विकास कार्यों की समीक्षा

# परियोजनाओं को लेकर अपडेट रहे सभी विभागों के अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एडीसी आनंद शर्मा ने जिला में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले।

एडीसी आनंद शर्मा ने पंचायती राज, खेल विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एण्ड आर, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग सहित अन्य कई विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की।

एडीसी आनंद शर्मा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें।

जिस भी विकास परियोजना पर कार्य शुरू हो उस कार्य पर पूरी नजर रखें ताकि विकास कार्य अच्छी तरह से हो सकें। आमजन को विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि वो विकास योजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही समय समय पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और विकास कार्य समय पर पूरे होंगे।


### सारथी फाउंडेशन व भारत-तिब्बत मंच ने

# अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में बांटे 14500 फूड पैकेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत-तिब्बत सहयोग मंच, सारथी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बंधवाड़ी गांव स्थित अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में 14500 फूड पैकेट दिए गए। इसमें सीडी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-71 का भी योगदान रहा। फाउंडेशन में सहयोग के लिए फाउंडेशन प्रबंधन ने संस्थाओं का आभार जताया।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल, सारथी फाउंडेशन की अध्यक्ष लता सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन व विभिन्न स्कूलों में 11 हजार फूड पैकेट एक सप्ताह में वितरित किए जा चुके हैं। वहां रह रहे बेसहारा लोगों के लिए यह सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा का ध्येय लेकर संस्थाएं काम कर रही हैं। उन वंचित लोगों को अपने प्रयासों से यह सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है, जो स्वयं से कुछ भी अर्जित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हम सब समाज की मुख्यधारा में रहते हुए वंचित लोगों को खाद्य पदार्थों या अन्य सामग्री के रूप में थोड़ा सा भी अंश उपलब्ध कराते हैं तो यह परोक्ष रूप से हमें भगवान कई गुणा करे वापस देते हैं। भगवान का देने का तरीका अलग हो सकता है, जिसे हम कई बार समझ नहीं पाते।



### अस्पताल से छुट्टी के साथ ही

# दिए जाएंगे जेएसवाई की राशि व शिशु का जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सरकारी चिकित्सालय में प्रसव होने पर शिशु के माता-पिता को जन्म प्रमाण -पत्र और प्रसव पर दी जाने वाली राशि के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भवतोष शंखधर ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, संयुक्त जिला चिकित्सालय संजय नगर और संयुक्त जिला चिकित्सालय लोनी समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि प्रसव के उपरांत चिकित्सालय से छुट्टी के साथ ही शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र, शिशु का टीकाकरण कार्ड और सौ फीसदी लाभार्थियों को प्रसव पर दी जाने वाली राशि प्रदान करना सुनिश्चित करें।



सीएमओ ने बताया कि केंद्र सरकार की जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी चिकित्सालय में प्रसव के बाद शहरी क्षेत्र में एक हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 1400 रुपए का भुगतान किया जाता है। यह राशि लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। जननी सुरक्षा योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एक सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थागत और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना है।

### भाजपा की नमो एप्प कार्यशाला

# महानगर अध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं से हर नागरिक तक पहुंच बढ़ाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपा के महानगर इकाई ने नमो ऐप की कार्यशाला बैठक का आयोजन नेहरु नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर किया । जिसमें महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने मंडल प्रभारी व मंडल संयोजक को नमो एप की सफलता का पाठ पढ़ाया। महानगर की कार्यशाला के प्रमुख करणीय बिंदुओं पर किए गए कार्य के बारे में सिलसिलेवार चर्चा करते हुए महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि हमें नमो ऐप का प्रेजेनटेशन को तेज गति देते हुए बूथ पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ सघन अभियान चलाकर प्रत्येक शहरी बूथ पर 200 व ग्रामीण बूथ पर 100 लोगों के फोन में नमो ऐप डाउनलोड कराने की गति को सभी मंडलों में बढ़ाना है।

सभी मोर्चे अपने क्षेत्र के लाभार्थियों से व्यापक संपर्क करने में जुट जाएं नमो ऐप डाउनलोड कराएं तथा उनके साथ सेल्फी लेकर अपने नमो ऐप पर अपलोड करें।

युवा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नए मतदाता बने नौजवानो से संपर्क करते हुए उनके फोन में नमो ऐप डाउनलोड कराया तथा जनपद के सभी महाविद्यालय, प्रोफेशनल शिक्षण संस्थान एवं विश्वविद्यालय में कैम्प लगाकर आम विद्यार्थियों को नमो डाउनलोड भी करा रहे हैं। जिन शिक्षण संस्थानों के मालिक, प्रबंधक या प्रिंसिपल अपनी विचारधारा से जुड़े उन संस्थानों की सूची बनाकर अपने संस्थानों के शिक्षक, कर्मचारियों व सभी विद्यार्थियों के फोन में नमो ऐप डाउनलोड करने के बारे में बताया। नमो ऐप की जिला महानगर टोली के साथ भाजपा कार्यालय पर बैठककर नमो ऐप डाउनलोड की जानकारी ली गई । बैठक के दौरान समस्त नमो एप की महानगर से लगाई गई टीम से नमो ऐप के महानगर संयोजक गोपाल अग्रवाल, सह संयोजक, समस्त मंडल प्रभारी , मंडल संयोजक उपस्थित रहे ।




### 2 फायर टैंकर यूनिट के साथ घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया

# साहिबाबाद में कपड़ा एक्सपोर्ट फैक्टरी में लगी भीषण आग, बिल्डिंग में आई दरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना इलाके में मोहन नगर लोनी रोड पर कृष्ण इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने शाही एक्सपोर्ट कपड़ा फैक्टरी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर कर लिया और फ़ैक्टरी की बिल्डिंग में दरार आ गई । सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। जो आग पर काबू पाया।

घटना के अनुसार फ़ायर स्टेशन साहिबाबाद में 13:55 बजे साही एक्सपोर्ट्स साईट-2 साहिबाबाद इंडसट्रियल एरिया में फैक्ट्री में आग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फायर स्टेशन साहिबाबाद से अग्निशमन अधिकारी सहित 2 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग की लपटे, काला धुआं तथा कपड़ा बनाने में उपयोग होने वाली स्याही के ड्रम फट रहे थे। फ़ायर यूनिट ने जल्दी होज लाइन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर दिया, मौके की नजाकत को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी से 3 फायर टैंकर, फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 3 फायर टैंकर, फायर स्टेशन मोदीनगर से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 1 फायर टैंकर, फायर स्टेशन लोनी से 01 फायर टैंकर, 1 फायर टैंकर जनपद हापुड़ से, 1 फायर टैंकर जनपद मेरठ से तथा 2 फायर टैंकर नोएडा से बुलाए गए।इस फैक्ट्री में धुआं बहुत ज़्यादा था। धुए के कारण फायर फाइटिंग करने में बहुत परेशानी हो रही थी तथा फायर यूनिट ने आग को घेर कर कपड़े के बंडलों को हटा कर फायर फाइटिंग जारी रखा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल सिंह पाल ने बताया कि इस अग्निकाण्ड में कुल 14 गाड़ियों ने मिलकर फायर फाइटिंग करके आग को पूर्णरूप से शांत किया, फायर यूनिट ने शीघ्रता से आग को भुजाकर आसपास में स्थित 2-3 फैक्ट्रियों में नुक़सान होने से बचा लिया, आग को ठंडा किया जा रहा है, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।



### खुले मैनहोलों को लेकर आप पार्टी ने किया प्रदर्शन

# ननि की लापरवाही से खुले सीवर होल में गिरकर घायल हो चुके हैं एक दर्जन लोग,कई के हाथ-पांव भी टूट गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सीवर के पानी में गिरकर कई लोगों की मृत्यु के बाद भी फरीदाबाद नगर निगम सोया हुआ है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का। जिन्होंने स्थानीय लोगों और पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ जवाहर कॉलोनी में मुख्य सड़क पर कई महीने से खुले सीवर के ढक्कन के सामने बैठकर प्रदर्शन करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्य सड़क पर खुले सीवर होल में गिरकर कई दर्जन लोग घायल हो गए हैं। कई लोगों के हाथ-पांव टूट चुके हैं लेकिन नगर निगम फरीदाबाद और क्षेत्र के विधायक

### असेंबली में 10 प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त के माध्यम से अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष को भेजे प्रस्ताव

**कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर दो दिन चलाई कर्मचारी असेंबली**

**फरीदाबाद।** कर्मचारियों ने शीतकालीन विधानसभा सत्र के दोनों दिन सभी जिला उपायुक्त कार्यालयों पर कर्मचारी असेंबली चला कर कर्मचारियों की मांग एवं मुद्दों के अलावा जनहित, किसान हित, रोजगार, जन सुविधाओं से संबंधित 10 प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष को प्रस्ताव भेजें।

गौरतलब है कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर फरीदाबाद के कर्मचारियों ने भी बीते 15 दिसम्बर को कर्मचारी असेंबली चलाकर कर 4 प्रस्ताव पास किए। वही सोमवार को सत्र के आखिरी दिन कर्मचारी असेंबली में 6 प्रस्ताव पास कर सिटी मजिस्ट्रेट हरिराम के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष को प्रस्ताव भेजें। कर्मचारी असेंबली की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान ने की । कर्मचारी असेंबली में मुख्य रूप से राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, किसान नेता सतपाल नरवत, सेवानिवृत कर्मचारियों के नेता यूएम खान, आशा वर्कर की नेता हेमलता सहित दर्जनों नेता भी उपस्थित रहे।



## जीएलए विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# दीक्षांत समारोह में 3536 उपाधियां एवं 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडल प्रदान किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

जीएलए विश्वविद्यालय के 12वां दीक्षांत समारोह अत्यन्त गरिमा एवं उल्लास के साथ रविवार को सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडलिस्ट के साथ 3536 उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा 32 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. अजीत कुमार मोहंती, कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स और साइबर सिस्टम के महानिदेशक एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. सुमा वरूघीस एवं कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता, प्रतिकुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं प्रेरणास्त्रोत श्री गणेशीलाल अग्रवालजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव एवं डीन एकेडमिक, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. अतुल बंसल के साथ विश्वविद्यालय के कोर्ट, एग्जीक्यूटिव काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य की अगवानी मुख्य सभागार में हुई। तत्पश्चात कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा की।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने दीक्षांत संबोधन की शुरुआत सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए की।




### विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह

डॉ. वरूघीस ने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय में आना मेरे लिए आनंद का विषय है। मैं यहां खुद को नई ऊर्जा से ओत-प्रोत का अनुभव कर रही हूं। इन युवा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अभूतर्पूव उत्साह है, उन्हें देखकर मुझे 35 वर्ष पूर्व के अनुभव की स्मृति हो रही कि जब मैं इन्हीं भावनाओं के समुद्र से गुजरी थी। इसलिए मैं आप सभी से आसानी के साथ सबकी भावनाओं को समझ रही हूं। उन पुरानी स्मृतियों को दोबारा याद कराने के लिए मैं जीएलए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करती हूं।

### छात्रों को बेहतर शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही

कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों कई उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय को मिली यह उपलब्धियां भी छात्रों को बेहतर शिक्षकों द्वारा दी जा रही प्रदत्त शिक्षा का प्रमाण है। विश्वविद्यालय जिस प्रकार हमेशा छात्रों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर चलता है, ठीक उसी प्रकार असहायों की मदद के लिए आगे रहता है।

### नैक की ए प्लस ग्रेड में शामिल

प्रो. गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्षों में एक से बढ़कर एक कंपनी ने जीएलए के छात्रों को रोजगार प्रदान किया है, लेकिन यह तभी संभव हो पाया है जब विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने रोजगार पाने के लायक छात्रों को तैयार किया। इसके अलावा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की टीम ने कंपनियों में जाकर संपर्क साधा। आगे भी विश्वविद्यालय अपने छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने की तैयारी में जुटा हुआ है। नैक ए श्रेणी को पीछे छोड़कर अब दूसरी बार में नैक से सर्वोच्च 3.46 स्कोर के साथ नैक से ए प्लस ग्रेड हासिल किया है।

### स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल ने मुख्य अतिथि डॉ. मोहंती को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. वरूघीस को प्रतिकुलाधिपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता ने कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने प्रतिकुलाधिपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट किया। तत्पश्चात कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत समारोह के सम्पन्न होने की उद्घोषणा की गयी एवं शैक्षिक शोभायात्रा के प्रस्थान से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक मेहरोत्रा ने किया। इस अवसर पर सीईओ नीरज अग्रवाल, सीएफओ विवेक अग्रवाल, जीएल बजाज ग्रुप के एमडी मनोज अग्रवाल, जीएलए के सीओई डॉ. अतुल बंसल, डीन एकेडमिक प्रो. अशीष शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप


### 6 नकाबपोश बदमाशों ने लूटा 5 किलो सोना

**शेखपुरा।** बिहार के शेखपुरा जिले के बरबीघा प्रखंड अंतर्गत मुख्य बाजार में स्थित आशीर्वाद गोल्ड लोन में 5 किलो सोने के लूट की मामला सामने आया है। लूट की इस घटना को आधा दर्जन अपराधियों ने अंजाम दिया। सभी अपराधी नकाबपोश थे और हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। लूट के बाद अपराधी 5 किलो सोना लेकर भागने में सफल रहे, जिसकी कीमत 2 करोड़ है।



### जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा में जंगली हाथियों का कहर लगातार देखने को मिल रहा है। बीती रात जंगल से रिहाइशी इलाके में पहुंचे कुछ हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया, जिसकी वजह से एक परिवार को घर से बेघर होना पड़ा। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे दर्जनों हाथियों ने पलामाटी गांव पर हमला बोला और जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हाथी 10 बोरे धान भी खा गए।



---

## पीएम ने दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का किया लोकार्पण और कहा-

# भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**'मेड इन इंडिया प्रोडक्ट' का इस्तेमाल करें**

- 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा दें
- डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दें
- एक गरीब परिवार की मदद जरूर करें

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को उमरहा में 180 फीट ऊंचे सात मंजिला स्वर्वेद महामंदिर के प्रथम तल का रिमोट से बटन दबाकर उद्घाटन कर श्रद्धालुओं एवं देशवासियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। काशी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर यहां 25 हज़ार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा।



### सरकार, समाज और संतगण मिलकर विकास कर रहे

पीएम मोदी ने कहा कि संतों के सानिध्य में काशी के लोगों ने मिलकर विकास और नवनिर्माण के कितने ही नए कीर्तिमान गढ़े हैं। सरकार, समाज और संतगण सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। आज स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना, इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। ये महामंदिर महृषि सदाफल देव की शिक्षाओं और उनके उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितना आकर्षित करती है, इसकी भव्यता हमे उतना ही अचंभित भी करती है। यह मंदिर दुनिया का सबसे अनोखा मंदिर है। स्वर्वेद महामंदिर की संगमरमरी दीवारों पर स्वर्वेद के चार हजार दोहे लिखे हैं। 19 साल तक लगातार छह सौ कारीगर, दो सौ मजदूर और 15 इंजीनियर की मेहनत आज महामंदिर के पूर्ण स्वरूप में साकार हो चुकी है।

### स्वर्वेद मंदिर अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण

स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। इसकी दीवारों पर स्वर्वेद को बड़ी सुंदरता के साथ अंकित किया गया है। वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गए हैं। इसलिए ये मंदिर एक तरह से अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। भौतिक प्रगति के लिए भी हमने आध्यात्मिक और मानवीय प्रतीकों की रचना की। हमने काशी जैसे जीवंत सांस्कृतिक केंद्रों का आशीर्वाद लिया। पीएम कहा कि सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए काम कर रहे हैं।

### योग और खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं

काशी का मतलब स्वच्छता और बदलाव है। पानी की बूंद-बूंद बचाना जरूरी है। वाराणसी में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग और खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं। फिटनेस को जीवन का हिसा बनाएं। हम काशी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। आज हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है। कुछ हफ्तों में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

### देश गुलामी की सोच से मुक्त हो रहा

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी संस्कृति को निशाना बनाया गया। देश अपनी विरासत पर गर्व करना भूल गया था। अब समय का चक्र बदल गया है। देश अब गुलामी की सोच से मुक्त हो रहा है। गुलामी के कालखंड में अत्याचार हुआ। देश आधुनिकता में भी तेजी से बढ़ रहा है। उन्होनें अपील की है कि 'मेड इन इंडिया प्रोडक्ट' का इस्तेमाल करें। 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा दें। लोग डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दें। पहले देश घूमें, फिर विदेश जाने की सोचें। एक गरीब परिवार की मदद जरूर करें। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि और भौतिक विकास का उदाहरण रहा है।

### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

## हम आज नए भारत की अनुभूति कर रहे



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम का स्वागत किया। सीएम ने कहा कि हम आज नए भारत की अनुभूति कर रहे हैं। यह नया भारत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। आज देश का हर नागरिक अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम में विगत एक वर्ष के अंदर 13 करोड़ से अधिक देश-विदेश से श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों का आना, पूरा देश की ओर भारत की विरासत पर योग की परंपरा हो या जिस कुंभ में 1954 में सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने अपनी भौतिक लीला का विसर्जन करते हुए आध्यात्मिक जगत में शून्य की शिखर पर स्वयं प्रवेश किया था।

### अयोध्या में श्री श्रीराम मंदिर के भव्य निर्माण का कार्य हो रहा

*योगी ने कहा कि कुंभ की उसे महान परंपरा को चाहे वह दुनिया के मूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता देना हो या फिर उत्तराखंड में केदारपुरी के पुनर्निर्माण का कार्य हो या महाकाल की महलोक के निर्माण का कार्य हो, 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भव्य निर्माण का कार्य हो, हर भारतवासी का मन अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करता दिखाई देता है। कारण है कि पीएम नरेंद्र मोदी के रूप में एक यशस्वी नेतृत्व देश को वर्तमान में निरंतर अपनी पूरी ऊर्जा व संकल्पों के साथ बिना किसी भेदभाव के पूरी ऊर्जा को देश के उन कार्यों के लिए समर्पित किया हुआ है। जिसको लेकर 1920 में सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने जेल की यातना भी सहन की थी। आज हम सभी उसी स्वतंत्र भारत के नागरिक के रूप में अपनी आजादी के अमृत काल के इस द्वितीय वर्ष में पूरी ऊर्जा के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करते हुए उसके पुनर्स्थापना के कार्यों के साथ जुड़े हुए हैं। योगी ने कहा कि जब एक संत की साधना मुहूर्त रूप लेता है, तो इस प्रकार का एक धाम बनकर तैयार होता है।*

---

# एक किलो सोना और 7 किलो चांदी से तैयार हुई रामलला की चरण पादुका

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। भगवान राम की चरण पादुकाएं बनकर तैयार हो गई हैं। जिन्हें एसजी हाईवे पर तिरूपति बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए रखा गया है।

इस पादुका को हैदराबाद के श्री चल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने तैयार किया था। पादुका को बनाने में 1 किलो सोना और 7 किलो चांदी का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा पादुका में बहुमूल्य रत्न भी लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को पादुका दर्शन का लाभ दिया गया। इससे पहले रविवार को इन्हें रामेश्वरधाम से अहमदाबाद लाया गया था। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। उससे पहले 19 जनवरी को ही चरण पादुकाएं अयोध्या पहुंच जाएंगी। ये चरण पादुकाएं हाथ में लेकर श्री चल्ला श्रीनिवास अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर की 41 दिन की परिक्रमा भी कर चुके हैं।

### पीएम मोदी के हाथों होगी प्राण-प्रतिष्ठा

पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई जाएगी। इस महोत्सव के लिए ट्रस्ट ने 2,500 मेहमानों की एक लिस्ट भी तैयार की है, जिन्हें राम मंदिर के विशाल उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा समारोह में 4,000 संतों को भी आमंत्रित किया गया है। मंदिर 23 जनवरी से भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### लोकसभा में विपक्ष...

भेज दिया गया है। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, के सी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला को भी निलंबित कर दिया है। राज्यसभा सभापति ने प्लेकार्ड दिखाने को लेकर ये सख्त फैसला लिया है। सदस्यों को निलंबन के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### पीएम मोदी ने दर्शक...

चंदा ने कहा आपके सामने आना ही मेरा सौभाग्यः इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हम चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं। आप जो प्रयास कर रहे हैं, हम उससे कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। इस कारण ही कुछ हासिल कर पाए हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हम आपके सामने दो बात कहने में सफल हुए हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस पर पीएम ने कहा कि आपकी बातों पर महिलाएं तालियां बजाएंगी।

**2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है सपनाः** इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा सपना और संकल्प है कि गांवों की दो करोड़ माताओं और बहनों को लखपति बनाना है। उन्होंने चंदादेवी से कहा कि क्या वह इस काम में मदद करेंगी? इस पर चंदादेवी ने पूरा सहयोग देने का वादा किया।इसके अलावा पीएम मोदी ने ये भी कहा कि आजकल देशभर में शादी और ब्याह में खड़े-खड़े होकर खाना खाने का रिवाज बन गया है। दोबारा खाना मिलेगा या नहीं इस चक्कर से बचने के लिए लोग थाली पूरी भर लेते हैं। और फिर खाना छोड़ देते हैं। इससे खाना बहुत बर्बाद हो रहा है।

### महिला व बच्चे...

**वेंटिलेटर के फटने से लगी आगः** बताया जा रहा है कि वेंटिलेटर के फटने से आग लगी. हालांकि इस बाबत कोई अधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। आग लगते ही अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस मामले पर कहा कि एसजी पीजीआई में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**मुख्यमंत्री योगी ने लिया घटना का संज्ञानः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है और वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार का निर्देश दिया है और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

---

**विपक्ष ने जहरीली शराब और नशे की ओवरडोज का भी मामला उठाया**

# विधानसभा में गूंजा खिलाड़ियों के यौन शोषण व छात्राओं से छेड़छाड़ का मुद्दा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

विधानसभा के शीतकालीन-सत्र के दूसरे दिन भी सदन में जींद के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के यौन शोषण, खिलाड़ियों के यौन शोषण, जहरीली शराब और नशे की ओवरडोज का मुद्ध गूंजा। विपक्ष ने सरकार पर जमकर प्रहार किए। हंगामा के कारण विस स्पीकर को कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस विधायक गीता भुक्क, नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और स्पीकर के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद सीएम मनोहर ने कहा कि इस मुद्दे पर मंगलवार को विचार किया जाएगा। स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और सदन के नेता ने दोहराया कि जब विधानसभा में बहुमत के साथ यौन शोषण के मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाने का फैसला लिया तो हंगामा क्यों। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि हाउस के फैसले के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग की ओर से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने को कहा गया था, जहां से कोई जवाब आने पर आगे के लिए विचार करेंगे। लेकिन देर शाम तक चली कार्यवाही के दौरान सीएम ने सदन में इस पर मंगलवार को विचार की बात कही है।



### जहरीली शराब पर विज का जवाब

सूबे में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला भी गूंजा, विपक्ष की ओर से शराब से हुई मौतों को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। इस पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विस्तार से जवाब दिया और बताया कि मौतों के मामले में पहली बार बड़ी कार्रवाई हुई है। सदन के अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान दो संशोधन विधेयक पारित किए गए।

### विधायक पर हमला ठीक नहीं : हुड्डा

शून्यकाल की शुरुआत होते ही छात्राओं के यौन शोषण मामले में डिप्टी सीएम द्वारा विधायक गीता भुक्कल पर आरोप लगाए जाने पर नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आपत्ति उठाई साथ ही सिटिंग जस्टिस से जांच के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन में मामला उठाने वाली विधायक पर ही हमला किया जाना ठीक परंपरा नहीं है। सिटिंग जज से कभी जांच नहीं कराई जाती, लेकिन मुख्यमंत्री व स्पीकर ने कहा कि सदन में पहले दिन जब फैसला लिया गया, तो उस वक्त कोई नहीं बोला।

---

## नव्य भव्य राम मंदिर के साथ अयोध्या का हो रहा कायाकल्प

**22 जनवरी को रामलला की नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा**

# सुविधाओं से युक्त पथ आस्था की राह सुगम कर रहे राम की नगरी में, चहुंओर हो रहा विकास

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

देश का राजनीतिक परिदृश्य परिवर्तित कर देने वाली अयोध्या 500 साल से परिवर्तन को तरस रही थी। पीढ़ियों का संघर्ष अब भव्य, नव्य और दिव्य मंदिर निर्माण के रूप में फलित हो रहा है। मात्र चार वर्ष में ही अयोध्या विकास के पथ पर अग्रसर है। वर्तमान में 90 फीट चौड़ा आधुनिक सुविधाओं से युक्त पथ आस्था की राह सुगम कर रहा है। रामनगरी हर उस सुविधा से सुसज्जित हो रही है जो उसकी गरिमा के अनुकूल है।



### अब 100 एकड़ में रामजन्मभूमि परिसर

22 जनवरी को रामलला की नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा है। रामजन्मभूमि परिसर कभी 70 एकड़ का था। राममंदिर के हक में फैसला आने के बाद मंदिर निर्माण शुरू हुआ तो धीरे-धीरे परिसर का विस्तार होता गया। आज रामजन्मभूमि परिसर करीब 100 एकड़ में विस्तारित हो चुका है। राम की पैड़ी को करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से सजाया गया है। यहां के पंपिंग स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है। हर शाम लेजर शो व लाइट एंड साउंड सिस्टम शो के जरिये रामकथा की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होती है।

### 17 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा शोध संस्थान

अयोध्या शोध संस्थान अब अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के नाम से इसे जाना जाएगा। 17 करोड़ की लागत से इसकी रिमॉडलिंग का काम चल रहा है। यहां भगवान राम से जुड़े साहित्य पर अध्ययन होंगे। रामलीला से जुड़े लोगों को रोजगार दिया जाएगा। संस्थान में विश्व के विभिन्न भाषाओं में रचित रामायण पर आधारित ग्रंथों, पुरातन परंपरा के वैदिक मंत्रों व इन पर लिखे गए विभिन्न टीकाओं पर अनुसंधान होगा। देश व विदेश के शोध छात्रों को जोड़ा जाएगा। नयाघाट स्थित रामकथा संग्रहालय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित कर दिया गया है। ट्रस्ट इसका नए सिरे से सुंदरीकरण कराने जा रहा है। यहां मंदिर आंदोलन का इतिहास दर्शाया जाएगा। अन्य सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियां संचालित होंगी।

### प्राचीन कुंडों की लौट रही गरिमा

रामनगरी की पौराणिकता के गवाह प्राचीन कुंडों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इनमें से गणेश कुंड, हनुमानकुंड, स्वर्णखनि कुंड का अस्तित्व मिटने के कगार पर था। अब ये कुंड पर्यटन का केंद्र बन चुके हैं। सूर्यकुंड पर हर शाम लेजर शो देखने के लिए भीड़ उमड़ती है। इसी तरह दंतधावन कुंड, अग्निकुंड, खर्जुकुंड, विद्याकुंड की भी गरिमा लौट रही है। ये पर्यटन का केंद्र बन चुके हैं। राममंदिर का मुख्य प्रवेश मार्ग बिड़ला धर्मशाला से रामजन्मभूमि तक श्रीरामजन्मभूमि पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है।

नई दिल्ली, मंगलवार
19 दिसंबर 2023
हरिभूमि

# सहेली



क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस
## प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



### संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

### आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

क्रिसमस का त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं।

क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। यहां बताई बातों को फॉलो करेंगी तो आपकी क्रिसमस पार्टी बहुत शानदार होगी।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं दो केक्स की रेसिपी।

# क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक



### मेवा केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

### खस जैली केक

**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए



**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।



# मप्र संकल्प पत्र-2023 की गारंटी से होगी खेती की समृद्धि

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सात दिन में काम शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेती की समृद्धि के लिए 32 हजार करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जाएगी।

मप्र संकल्प पत्र-2023 में सिंचाई सुविधाओं विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने सभी विभागों को सात दिन में रोड-मेप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

> 32 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स




### उज्जैन में बनेगा चना अनुसंधान संस्थान

उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जाएगा। सोयाबीन फसल को सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से श्री अन्न उत्पादकों को 1,000 रुपए प्रति एकड़ प्रति फसल सम्मान राशि दी जाएगी। श्री अन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए प्रधानमंत्री 'फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी दी जाएगी।

### प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा

*ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजना, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।*

---

## खबर संक्षेप

### संत देश, समाज और कालखंड से ऊपर होते हैं



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदासजी का प्राकट्य दिवस मनाया गया और उनके बताए मार्ग को आत्मसात करने की बात की गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि संत देश, समाज और कालखंड से ऊपर होते हैं। उनके विचार कालजयी होते हैं। ऐसे ही महान समाज सुधारक, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदासजी ने सतनाम पंथ चलाकर छत्तीसगढ़ में व्याप्त सामाजिक कुरूतियों को मिटाने का काम किया। बाबा ने अपने सात सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। जिसे उनके अनुयायी पंथी लोक नृत्य के माध्यम से जन कल्याण के लिए प्रसारित-प्रचारित करते हैं,आज भी उनके विचारों को अपनाकर स्वस्थ और विकसित समाज की स्थापना की जा सकती है।

### सीजीः हार के बाद अब प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में रार खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच नाराज नेताओं के इस्तीफे का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने पद से इस्तीफा दे दिया है। चुन्नीलाल साहू पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। चुन्नीलाल साहू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपना इस्तीफा भेजा है। पूर्व विधायक ने प्रदेश उपाध्यक्ष सहित उससे जुड़े समस्त प्रभार से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पीसीसी चीफ को पत्र में लिखा, बीते चार साल से पार्टी ने उपाध्यक्ष के तौर पर मुझे जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी तरह निभाने की कोशिश की। लेकिन विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार से काफी व्यथित हूं। इसलिए अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। इधर, विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस नेता गुटों में बंटे हुए हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होता जा रहा है। कई पूर्व विधायक दिल्ली में डेरा डालकर पार्टी आलाकमान से मुलाकात की अपेक्षा करने के बाद प्रदेश वापस लौट आए हैं।



### टीकमगढ़ में अतिरिक्त 160 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाया

**भोपाल।** एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 केवी सब-स्टेशन टीकमगढ़ में अनुमानित लागत 5 करोड़ 77 लाख रुपए से 160 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया।
एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आरपी कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोदा, बुढैरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा। अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। ट्रांसफार्मर के प्रारंभ हो जाने से टीकमगढ़ सब-स्टेशन की क्षमता बढ़कर 540 एमवीए की हो गई है। जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन केपेसिटी बढ़कर 793 एमवीए की हो गई है। जिले में एमपी ट्रांसको अपने 5 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है।

---

## उज्जैन में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक ली

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा...कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में नहीं होगा कोई समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*विकास के कार्य कराना सर्वोच्च प्राथमिकता, विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनहितैषी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराया जाएगा*

*उज्जैन सहित बड़े शहरों का जोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल होगी*

उज्जैन में संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी से भी समझौता नहीं करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरन्तर मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिए बेहतर निर्णय लिए जा सकें। चूंकि जनता का हित सर्वोपरि है। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का जोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करे।

मुख्यमंत्री रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक एवं संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 25 हजार की आबादी प्रतिदिन कवर की जाएगी। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शासन की ओर से बनाई गई योजना की जानकारी दी जाएगी।




### निर्माण कार्य में समय-सीमा का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। अतः लोगों को समझाइश दी जाए कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि नए निर्माण कार्य करने के लिए पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाए।

### थानों का किया जाएगा रिव्यू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है, तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जाएगी। थानों का रिव्यू किया जाएगा। निर्धारित डेसीबल से ज्यादा की ध्वनि पर बजने वाले लाउड स्पीकरों पर कार्रवाई जारी रहे।

### सड़कें तय वक्त में बनें

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि मांस एवं मछली विक्रेताओं के लिए सभी जगह मार्केट विकसित किए जाएं, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाए। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें।

### मिलावटी दूध बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई

डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जाएंगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लेकिन इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाए।

---

## इस बार विधानसभा में नहीं नजर आएंगे 12 भाजपा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के पटवारी और चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस बार का सत्र पहले से विशेष है। क्योंकि पूर्व संसदीय मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित कई चर्चित चेहरे इस बार चुनाव हारने के चलते यहां नहीं दिखाई देंगे।

इसके साथ ही इस बार कुछ नाम ऐसे हैं जो पहली बार विधायक के तौर पर यहां एंट्री लेंगे। पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा समेत 12 मंत्री ऐसे हैं जो विधानसभा का चुनाव हार गए हैं। इनमें कमल पटेल, महेंद्र सिसोदिया, गौरीशंकर बिसेन, सुरेश राजखेड़ा, राज्यवर्धन दत्तिगांव, भारत सिंह कुशवाह, रामखिलावन पटेल, राहुल सिंह लोधी, प्रेम सिंह पटेल, अरविंद भदौरिया और राम किशोर कांवरे के नाम शामिल हैं।

### पूर्व सांसद रीति और सिंह पहली बार लेंगे शपथ

*इधर, पूर्व सांसद रीति पाठक, पूर्व सांसद राकेश सिंह, और पूर्व सांसद उदय राव प्रताप सिंह जेसे कई वरिष्ठ नेता ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक के तौर पर विधानसभा सत्र में शामिल होंगे। इनके अलावा कई युवा चेहरे भी पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं। यह उनका पहला सत्र होगा। 21 दिसंबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय सत्र में नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव 230 विधायक गणों को शपथ दिलवाएंगे। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। चयन होने पर उन्हें शपथ दिलवाई जाएगी।*

### यह नेता नहीं आएंगे विधानसभा में नजर

कांग्रेस से पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कुणाल चौधरी, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोट, केपी सिंह कक्का, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति और लक्ष्मण सिंह जेसे कांग्रेस के कई दिग्गज नेता इस बार सत्र में नहीं होंगे। खास बात है कि इनमें से कई ऐसे नेता हैं। जो विधानसभा में कार्रवाई के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। इसके पीछे कारण रहा कि कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए काफी ज्यादा हंगामा भी किया। इसके अलावा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजय लक्ष्मी साधौ भी नजर नहीं आएंगी।

---

## मंत्रिमंडल के विस्तार में नए व पुराने चेहरों को किया जाएगा शामिलः मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के मंत्रिमंडल के 10 सदस्यों के नाम को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इसी बीच दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर रायपुर लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बड़ा बयान दिया है।



रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में सीएम साय ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है, कुछ चर्चाएं हुई हैं, बहुत जल्द मंत्रिमंडल का गठन होगा। नए और पुराने दोनों चेहरे को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी। सीएम साय समेत उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा ने रविवार को दिल्ली में हाईकमान से मुलाकात की।

### मंत्रिमंडल पर दिल्ली में मंथन

नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, डॉ. मनसुख मांडविया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल व अन्य के साथ बैठक में मंत्रिमंडल को लेकर मंथन करने के बाद नाम तय कर लिए हैं। जल्द ही नाम सार्वजनिक किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्री ही हो सकते हैं। अब तक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री नियुक्त हो चुके हैं।

### जातिगत समीकरण से मंत्रिमंडल का विस्तार

पार्टी सूत्रों की मानें तो साय के मंत्रिमंडल में इस बार चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं। पार्टी जातिगत समीकरण को साधते हुए मंत्रिमंडल को विस्तार दे सकती है। जिस तरह पहली बार विधायक बने विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है, उसी तरह मंत्री भी बनाए जा सकते हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी हर वर्ग को साधना चाहेगी। मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से, उप मुख्यमंत्री ओबीसी और सामान्य वर्ग से बनाने के बाद मंत्रियों में भी इसी तरह जातिगत समीकरण देखने को मिल सकता है। ओबीसी वर्ग से विधायक व पूर्व आईएएस ओपी चौधरी, अनुसूचित जाति वर्ग से गुरु खुशवंत साहेब का नाम भी चर्चा में है। महिला विधायकों में रेणुका सिंह, गोमती साय और लता उसेंडी में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

## चुनाव में भाजपा के वादेः जनता को घोषणाओं के पूरा होने का इंतजार


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए 15 दिन बीते चुके हैं। प्रदेश के लोगों को अब भाजपा के घोषणा-पत्र में किए गए चुनावी वादों के पूरा होने का इंतजार है। इनमें धान खरीदी, रसोई गैस सब्सिडी, महतारी वंदन जैसी महती योजनाओं के संबंध में दिशा-निर्देशों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश के लोगों में इस बात की चर्चा है कि चुनाव पूर्व घोषित की गई जनहितैषी योजनाओं का लाभ कब से मिलेगा।

प्रदेशभर में धान खरीदी की प्रक्रिया चरम पर हैं। अब तक प्रदेश में 7.86 लाख किसानों से 35.57 लाख टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 7,300 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन यह भुगतान किसानों को 2,640 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किया जा रहा है। 3,100 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ अभी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। जिसका किसानों को बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना में महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि प्रदान की जानी है। चुनावी घोषणाएं पूरी करने के लिए भाजपा सरकार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश करना पड़ेगा। हालांकि शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास दिए जाने का वादा पूरा करने को भाजपा सरकार की सधी हुई शुरुआत कहा जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर इसके अलावा इस बैठक में भाजपा की ओर से कोई बड़ी घोषणा नहीं होना चर्चा का विषय बन चुका है। विपक्ष ने भी इस मामले पर सरकार पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसी कई घोषणाएं हैं, जिससे आम आदमी का लाभ जुड़ा हुआ है।

## वन्य विहार में पौधरोपण करने के दिए निर्देश

# गो-वंश वन्य विहार को बनाया जाएगा आत्मनिर्भरः शुक्ल

डिप्टी सीएम ने बसामन मामा का किया पूजन-अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गो-वंश वन्य विहार में गोपूजन और गोमाता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने बसामन मामा का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने बसामन मामा गोवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन पौधरोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए।

### टमस नदी से वन्य विहार तक आएगा जल

*उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गोवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं और टमस नदी से गो वन्य विहार तक पानी की व्यवस्था का कार्य करें। गोवंश से निर्मित होने वाली बर्मी खाद, सफाई के उपयोग में गोमूत्र से बनने वाले गोनाइल तथा अन्य उत्पादित सामग्री के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में विक्रय का प्रबंधन और विभागों से एमओयू कराएं, ताकि यहां के उत्पाद की मांग और बिक्री बढ़ें।*

### वन्य विहार के लिए जमीन चिन्हित करने के दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समीप स्थित पूर्वा फ़ॉल में सैलानियों की भीड़ रहती है। अब वह गोवंश वन्य विहार भी आएं ऐसी व्यवस्थाएं करें। शुक्ल ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा गोवंश वन्य विहार के लिए पर्याप्त जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के बेसहारा गौवंश के संरक्षण प्रयासों में तेजी आए। बैठक में कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## पांच साल बाद केंद्र की योजना ने एक बार फिर पकड़ी रफ्तार

# जिन लाभार्थियों को गैस कनेक्शन नहीं मिला था उन्हें तत्काल दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पांच साल बाद छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की धमक दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की देशभर में शुरुआत की। इसी के साथ बिलासपुर जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में शिविर लगाकर पीएम उज्जवला योजना के हितग्राहियों को मौके पर ही रसोई गैस कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है।

स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मई 2016 को सामाजिक कल्याण योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की थी। तब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार काबिज थी। राज्य सरकार ने इस योजना को प्रभावी बनाने और बीपीएल परिवार से जुड़ी महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन देने के लिए चूल्हा और रेगुलेटर को फ्री कर दिया था। लिहाजा पूरा कनेक्शन ही हितग्राहियों के लिए मुफ्त हो गया था। यह योजना प्रदेश में दो साल तेजी के साथ चली। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के बाद जैसे ही प्रदेश में सरकार बदली और कांग्रेस काबिज हुई राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पूरे पांच साल इस योजना पर अमल ही नहीं हो पाया। अब जबकि राज्य की सत्ता पर भाजपा काबिज हो गई है। पीएम उज्जवला योजना की शुरुआत कर दी गई है। विकसित संकल्प भारत यात्रा में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ ही पीएम उज्जवला योजना को भी शामिल कर लिया है। यात्रा के दौरान शहरी व ग्रामीण इलाकों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान योजना के लाभार्थियों को जिन्हें गैस कनेक्शन नहीं मिल पाया है तत्काल दिया जा रहा है।




### देशभर में 75 लाख कनेक्शन बांटने का लक्ष्य

केंद्र सरकार ने पीएम उज्जवला योजना के तहत 75 लाख लाभार्थियों को रसोई गैस कनेक्शन बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के लिए तय लक्ष्य से प्रदेश के बीपीएल हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। राज्य अधिक से अधिक हितग्राहियों के रसोई घर को चूल्हे के बजाय रसोई गैस कनेक्शन से लैस कर सकेगा। यही कारण है कि जिलेवार बीपीएल सर्वे सूची में शामिल नाम जिनको अब तक रसोई गैस कनेक्शन नहीं मिल पाया है, उनको देने का काम प्रारंभ कर दिया है।

### इनसे मिलेगी मुक्ति

- अस्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल की वजह से करोड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।
- 10 करोड़ महिलाओं के घरों में लकड़ी, उपले, कृषि कचरे, कोयला आदि का उपयोग हो रहा है।
- इस तरह के ईंधनों से लोगों की आंखों को नुकसान पहुंचने के साथ ही फेफड़े खराब हो रहे हैं।
- लाखों महिलाओं में क्रोनिक आब्स्ट्रेक्टिव पुलमोनरी और निमोनिया की बीमारी धीरे-धीरे फैल रही है।
- चूल्हे के धुएं का प्रभाव ऐसे होता है, जैसे एक घंटे में किसी व्यक्ति ने 400 सिगरेट पी ली हो।
- 25 लाख लोगों को गैस कनेक्शन बंट जाता है तो छत्तीसगढ़ में 12 करोड़ पेड़ कटने से बच जाएंगे।

### 500 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर

*मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के पीएम उज्जवला योजना के हितग्राहियों को अब 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों से ई केवाइसी कराई जा रही है। इसके लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने रसोई गैस निर्माता कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया है। कंपनियों ने अपने एजेंसी संचालकों को ई मेल के जरिए संदेश भेज दिया है। कंपनी से मिले निर्देश के बाद एजेंसी संचालकों ने अपने उपभोक्ताओं से ई केवाइसी कराने जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचने कहा जा रहा है।*

## चिंतन

# सांसदों का निलंबन हंगामे का हल नहीं

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने कड़ा एक्शन लिया है। हालांकि यह अपरिहार्य था और इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था, यह बहस का विषय है, पर अभी बीते दो दशक से विपक्षी दलों ने संसद में हंगामे को अपना धर्म जरूर बना लिया है। इससे संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संसद हंगामे का पर्याय बन गई है। लोकसभा और राज्यसभा से सोमवार को 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इनमें 33 लोकसभा व 45 राज्यसभा के हैं। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक सस्पेंड रहेंगे। बाकी तीन- को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक सस्पेंड किया गया है। इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बीते सप्ताह भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था। अभी कुल 92 सांसद निलंबन झेल रहे हैं। इसके बाद से विपक्ष पर सरकार का हमला बढ़ गया है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही कई दिनों से बाधित हो रही है और कई बार स्थगित करनी पड़ रही है। सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां लहराते रहे हैं और सदन की अवमानना करते रहे हैं। यह सांसद के आचरण के अनुरूप नहीं है। पहली बार नहीं है, जब इतने व्यापक स्तर पर सांसदों को सत्र के दौरान हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया हो, आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार सस्पेंड किया गया था। वर्ष 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया था। ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे। ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी। इसी पर हंगामा हुआ था। इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वाकआउट कर दिया था। वर्ष 2013 में लोकसभा की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को पांच दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। ये सांसद आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1962 से ही संसद से सांसदों के निलंबन का इतिहास है। तीन सितंबर 1962 को गोदे मुरहारी को संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2012 के बाद से सांसदों का निलंबन सत्र के दौरान बढ़ा है। इसका कारण यह भी है कि विपक्ष में जो भी पार्टी हो, संसद सत्र के दौरान हंगामा कर संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है। अभी संसद में विधेयकों पर सारगर्भित बहस ना के बराबर होती है, विपक्ष हमेशा सरकार के हर कदम का विरोध करने व उस पर हंगामा खड़ा करने के मूड में रहता है। राज्यसभा के रूल बुक के नियम 255 व लोकसभा रूल बुक के नियम 373 व 374 के तहत सांसदों का निलंबन होता है। सांसदों का सामूहिक निलंबन हंगामा बंद कराने का हल नहीं है, इसका लोकतांत्रिक तरीका ही निकले।

# नये साल की दहलीज पर



करवट
कुमार प्रशांत

365 दिनों के रिश्ते को एक झटके में तो आप विदा नहीं कह सकते हैं न ! भले ही 2023 का कैलेंडर चुक जाए, ये 365 दिन हमारे साथ रहेंगे। और यह भी याद रखने जैसी बात है कि इन 365 दिनों ने कम-से-कम 365 ऐसे जख्म तो दिए ही हैं जो अगले 365 दिनों तक कसकते रहेंगे। अपनी कहूं तो यह दर्द और यह असहायता मुझे भीतर तक छलनी कर देती है कि हम हैं और मणिपुर भी है; कि हम हैं और कश्मीर भी है; कि हम हैं और उत्तरप्रदेश भी है; कि हम हैं और सार्वजनिक जीवन की तमाम मर्यादाओं को गिराती व संविधान को कुचलती सत्ता की राजनीति भी है। मेरा दम घुटता है कि हम सब हैं और यूक्रेन भी है; कि हम सब हैं और गजा भी है; कि अफगानिस्तान भी है व म्यांमार भी है; पास का पाकिस्तान भी है, सुदूर के वे सब नागरिक भी हैं जिनका अपना कोई देश नहीं है। जो कहीं, किसी देश के नागरिक नहीं माने जा रहे हैं लेकिन हैं वे हमारी-आपकी तरह ही नागरिक; हमारी-आपकी तरह इंसान ही। इंसान के माप की दुनिया भी तो नहीं बना पाए हैं हम !

तमाम बड़ी-बड़ी संस्थाएं, आयोग, ट्रस्ट और योजनाएं बनी पड़ी हैं कि इंसान को सहारा दिया जाए लेकिन आज दुनिया में जितने बेसहारा लोग ( सिर्फ रोहिंग्या नहीं ! ) सड़कों पर हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। आज अपनी-अपनी सरकारों के खिलाफ जितने ज्यादा लोग संघर्षरत हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। आज असहमति के कारण जितने लोग अपने ही मुल्क की जेलों में बंद हैं, उतने पहले नहीं थे। सरकार बनाने वाली जनता व उनकी बनाई सरकार के बीच की खाई आज जितनी गहरी हुई है, होती जा रही है, उतनी पहले कभी नहीं थी। यह तस्वीर कहीं एक जगह की नहीं, सारे संसार की है। लोकतंत्र का 'लोक' अपने 'तंत्र' से परेशान है; 'तंत्र' अपने 'लोक' को मुट्ठी में करने की बदहवासी में दानवी होता जा रहा है। हम यह भी देख रहे हैं कि कल तक प्रगतिशील नारों की तरफ आकर्षित होने वाले लोग, बड़ी तेजी से प्रतिगामी नारों- आवाजों की तरफ भाग रहे हैं; और वहां से मोहभंग होने पर फिर वापस लौट रहे हैं। यह सब वापसी होती तो भी आशा बंधती लेकिन यह निराशा की वापसी है।

हत्या से ठीक पहले वाली रात यानी अपनी जिंदगी की आखिरी रात को गांधी ने भविष्यवाणी-सी जो बात संसदीय लोकतंत्र के लिए लिखी थी, वह दस्तावेज हमारे बीच धरा हुआ है। कभी लगता है कि दुनिया उस तरफ ही भाग रही है। गांधी ने लिखा था : संसदीय लोकतंत्र के विकास-क्रम में ऐसी स्थिति आने ही वाली है जब लोक व तंत्र के बीच सीधा मुकाबला होगा। क्या हम उस दिशा में जा रहे हैं? लेकिन यह मुकाबला निराशा या भटकाव के रास्ते संभव नहीं है। 2023 निराशा व अनास्था का यह टोकरा 2024 के सर धर कर बीत जाएगा और छीजते-छीजते मानव रीत जाएगा।

यह सब कहते हुए मैं भूला नहीं हूं कि आपाधापी के इस दौर में भी हर कहीं कोई 'आंग-सू' भी है। मेरी आंखों में वे अनगिनत लोग भी हैं जो फलस्तीनियों के राक्षसी संहार का विरोध करने इंग्लैंड, अमरीका आदि मुल्कों में सड़कों पर निकले हैं। मैं यह भी देख पा रहा हूं कि फलस्तीनियों व हमास में फर्क करने का विवेक रखा जा रहा है। मैं भूला नहीं हूं कि श्रीलंका के भ्रष्ट व निकम्मे सत्ताधीशों को सिफर बना देने वाला श्रीलंका का वह नागरिक आंदोलन भी इन्हीं 365 दिनों की संतान है, भले वह आज बिखर गया है। इन 365 दिनों में भारत समेत संसार की तथाकथित महाशक्तियां अपने स्वार्थ का तराजू लिए जैसी निर्लज्ज सौदेबाजी में लगी रही हैं, उस



बीच भी म्यांमार में नागरिक प्रतिरोध बार-बार अपनी ताकत समेट कर सर उठा रहा है। इन 365 दिनों की चारदीवारी के भीतर बहुत कुछ मानवीय भी घट व बन रहा है जिसे समर्थन व सहयोग की जरूरत है।

2023 के अंतिम दिनों में, 12-28 नवंबर के दौरान मौत की सुरंग में घुटते 41 लोग जिस तरह 400 घंटों की मेहनत के बाद, जीवन की डोर पकड़ कर हमारे बीच लौट आए, वह भूलने जैसा नहीं है। यह चमत्कार, किसी नेता या सरकार ने नहीं किया, आदमी के भीतर के आदमी ने किया। यह कहना भी बेजा बात है कि मशीनों ने नहीं, मनुष्य के हाथों ने ही अंततः उन श्रमिकों को बचाया. सच का सच यह है कि मशीनों ने जहां तक काम कर दिया था यदि उतना न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना कठिन था; उतना ही सच यह भी है कि जहां पहुंच कर मशीनें हार गई थीं वहां से आगे का काम हाथों ने न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना असंभव था। मशीनों व इंसानों के बीच यही तालमेल व संतुलन चाहिए। जब गांधी कहते हैं कि आदमी को खारिज करने वाली मशीनें मुझे स्वीकार नहीं हैं लेकिन आदमी की मददगार मशीनें हमें चाहिए, तो वे वही कह रहे थे जो सिल्कयारा-बारकोट सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने में साबित हुआ। उन सबको सलाम जो यह कठिन काम अंजाम दे सके लेकिन उन सवालों को उसी सुरंग में दफना नहीं दिया जाना चाहिए जिनके कारण यह त्रासदी हुई। दुर्घटनाओं के पीछे असावधानियां होती हैं। निजी असावधानी की कीमत व्यक्ति भुगत लेता है लेकिन जिस असावधानी का सामाजिक परिणाम हो, वह न छोड़ी जानी चाहिए, न भुलाई जानी चाहिए। उसका खुलासा होना चाहिए तथा असावधानी की जिम्मेवारी तय होनी चाहिए। कोई बताए कि खोखले दावों व जुमलेबाजियों के प्रकल्प के अलावा हमारे सरकारी प्रकल्पों को पूरा होने में इतना विलंब क्यों चल रहा है? सुरंगों की ऐसी खुदाई में श्रमिकों को असुरक्षित उतारने वाले ठेकेदार व अधिकारी कौन थे? उनको क्या सजा मिल रही है? ऐसी खुदाइयों के जो सुनिश्चित मानक बने हुए हैं, यहां उनका पालन क्यों नहीं किया गया ? इसके जिम्मेवार कौन थे व उनकी क्या सजा तय हुई ? न धरती मुर्दा है, न पहाड़ ! इनके साथ व्यवहार की तमीज न हो तो आपको इनसे दूर रहना चाहिए। पूरा हिमालय हमारी मूढ़ता व संवेदनशीलता का पहाड़ बन गया है। उत्तरकाशी का यह हादसा भी भुला दिया जाएगा क्योंकि विकास के जहरीले सांप ने हमें बेसुध कर रखा है। तो 2024 का एक संकल्प यह भी हो सकता है : सांप से बचो तो हिमालय बचेगा भी और हमें बचाएगा भी।

मैं यह भी देख रहा हूं कि समाज का अर्द्ध-साक्षर लेकिन बेहद सुविधा प्राप्त वह वर्ग, जो 'न हींग लगे व फिटकरी लेकिन रंग आए चोखा' वाली शैली में जीवन जीने के आसान, कायर रास्तों की खोज में रहता है; जिसने आजादी की लड़ाई में बमुश्किल कोई भूमिका अदा की लेकिन जो आजादी का भोग सबसे ज्यादा भोगता रहा है; जिसने हमेशा एकाधिकारशाही का मुदित मन स्वागत किया है; जिसने पिछले वर्षों में हिंदुत्व की लहर पर चढ़ कर, अपनी खास हैसियत का लड्डू खाने का सपना देखा है, अब मोहभंग जैसी स्थिति में पहुंच रहा है। उसे लगने-लगा है कि उसके हाथ मनचाहा लग नहीं रहा है। आजादी के तुरंत बाद ही सत्ता व स्वार्थ की जैसी आपाधापी मची उससे हैरान गांधी ने कहा था: समाज भूखा है यह तो मैं जानता था लेकिन वह भूख ऐसी अजगरी है, इसका मुझे अनुमान नहीं था। सांप्रदायिकता-जातीयता-एकाधिकारशाही हमेशा ही वह दोधारी तलवार है जो इधर-उधर, दोनों तरफ बारीक काटती है। जब तक दूसरे कटते हैं, हम ताली बजाते हैं; जब हम कटते हैं तब ताली बजाने की हालत में भी नहीं बचते हैं। अब कहीं, कोई ताली नहीं बची है। सर धुनने की आवाजें आ रही हैं। यह सन्निपात की स्थिति है और सामाजिक सन्निपात हिटलरी मानसिकता को बढ़ावा देता है।

नये साल की दहलीज पर खड़ा हमारा देश अपनी निराशा से निकले, सन्निपात की आवाजों को सुने-समझे तो नये साल में कोई नई संभावना पैदा हो सकती है। संभावना सिद्धि नहीं है। उसे सिद्धि तक पहुंचाने के लिए मानवीय पुरुषार्थ का कोई विकल्प नहीं है। हमें याद रखना चाहिए कि चेहरे बदलने से, 'म्यूजिकल चेयर' खेलने से विकल्प नहीं बनते हैं। उनके पीछे गहरी समझ व संकल्प की जरूरत होती है। नया साल हमारे नये पुरुषार्थ का साल बने इस कामना के साथ हम पुराने 365 दिनों को विदा दें तथा नये 365 दिनों का स्वागत करें।

***मुश्किल से जो लब तक आई है एक कहानी वह भी है***
***और जो अब तक नहीं कही है एक कहानी वह भी है।***


2023 के अंतिम दिनों में, 12-28 नवंबर के दौरान मौत की सुरंग में घुटते 41 लोग जिस तरह 400 घंटों की मेहनत के बाद, जीवन की डोर पकड़ कर हमारे बीच लौट आए, वह भूलने जैसा नहीं है। यह चमत्कार, किसी नेता या सरकार ने नहीं किया, आदमी के भीतर के आदमी ने किया। यह कहना भी बेजा बात है कि मशीनों ने नहीं, मनुष्य के हाथों ने ही अंततः उन श्रमिकों को बचाया। सच का सच यह है कि मशीनों ने जहां तक काम कर दिया था यदि उतना न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना कठिन था; उतना ही सच यह भी है कि जहां पहुंच कर मशीनें हार गई थीं वहां से आगे का काम हाथों ने न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना असंभव था।

## विचार
अशोक चतुर्वेदी

# सदन रत्न डॉ. रमन

डॉ. रमन को मैंने पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश की विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायक के तौर पर राज्यपाल के भाषण के चर्चा के दौरान सुना। सदन में बहुत मुखर ना होने के बावजूद वे ध्यान इसलिए खींचते थे क्योंकि वे सुदर्शन, सहज और विनम्र थे। सदन में लगातार उपस्थित रहते थे। अपनी जगह बैठकर कार्रवाई को एकाग्रता से सुनते और कम बोलते थे। कुशल सांसद विद होने के लिए सिर्फ अच्छा वक्त ही नहीं अच्छा श्रोता भी होना चाहिए। वे जब कभी चर्चा के दौरान हस्तक्षेप के लिए उठते थे तो सदन उन्हें ध्यान से सुनता था। महज विरोध के लिए विरोध करने या अखबारों की सुर्खियां बटोरने की गरज से डॉक्टर साहब ना कुछ करते थे ना कहते थे। विषय वस्तु को सलीके से रखना उनकी विशेषता थी। कम और सटीक शब्दों में वह अपनी बात सहजता से रखने के आदी रहे हैं।

डॉ रमन को सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बैंच पर बैठकर काम करने का अवसर मिला है। कम ही सदस्य ऐसे होते हैं जो इन दोनों भूमिकाओं में



संगति बैठ पाते हों। अक्सर होता यह है कि जब आप विपक्ष में होते हैं तो व्यवस्था की विसंगतियां पर प्रहार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।सत्ता पक्ष को जैसे तैसे कटघरे में खड़ा करना उनका मुख्य उद्देश्य होता है। ऐसा करने में कई बार अधिकारियों का अवांछित बचाव और पार्टी का प्रचार परम लक्ष्य बन जाता है। डॉक्टर रमन इस कथन के अपवाद हैं। ऐसा इसलिए संभव हो सका कि वे घटनाओं और परिस्थितियों को वस्तुनिष्ठ ढंग से देखते हैं और तभी किसी नतीजे पर पहुंचते हैं। वह उन बिरले जनप्रतिनिधियों में से एक हैं जिन्हें कथनी और करनी के अंतर विरोध का सामना नहीं करना पड़ता।

3 सितंबर 1992 को मध्य प्रदेश की विधानसभा में बस्तर के मरईगुड़ा गांव के पास नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट से 17 पुलिस कर्मियों के शहीद होने पर स्थगन प्रस्ताव लाया गया ।पटवा जी मुख्यमंत्री थे। उस समय डॉक्टर रमन ने न सिर्फ सदन में घटना का विश्लेषण किया बल्कि बड़े तार्किक ढंग से नक्सल समस्या को दूर करने के लिए जन सहयोग और विकास की जरूरत बताई। विधि का विधान देखिए,इन्ही डॉक्टर रमन को एक दिन मुख्यमंत्री के रूप में यह समस्या विरासत में मिली। उन्होंने डेढ़ दशक पहले अपने द्वारा सुविचारित ढंग से रखे गए दृष्टिकोण को मुख्यमंत्री के कार्यकाल में व्यवहार की जमीन पर उतारा। आदिवासी क्षेत्र के विकास को लेकर जो रणनीति उन्होंने अपननाई उसने उन्हें सफल प्रशासक से आगे एक जननायक के रूप में प्रतिष्ठित किया। छत्तीसगढ़ के लिए डॉक्टर रमन की प्रतिबद्धता का अंदाज अभिभाजित मध्य प्रदेश की विधानसभा में अक्सर देखने को मिलता रहा है ।1991 में अल्प वर्षा की वजह से इस क्षेत्र की दयनीय दशा का चित्र उन्होंने अल्पकालिक चर्चा के दौरान खींचा ।दिसंबर 1991 के सत्र में उन्होंने जिलों के पुनर्गठन और बिलासपुर में रेल जोन मुख्यालय स्थापित करने की मांग, अशासकीय संकल्प के माध्यम से रखी। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जिलों के पुनर्गठन और केंद्रीय संस्थानों को छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की जो मुहिम चलाई थी ,वह उनके इसी दृष्टिकोण का हिस्सा रही है। कृषि, सिंचाई, शिक्षा, वित्त और पर्यटन जैसे विभाग उनकी विशेष रुचि के विषय हुआ करते थे। अशासकीय सदस्य के तौर पर डॉक्टर साहब इन विभागों की अनुदान मांगों पर बहस में सक्रियता से हिस्सा लेते थे। जब बृजमोहन अग्रवाल पर्यटन विभाग के मंत्री थे तो डॉक्टर साहब ने उनसे छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का पुरजोर आग्रह सदन में किया था।

मध्य प्रदेश की विधानसभा में छत्तीसगढ़ के विधायकों की एक टीम जैसी बन गई थी जो कभी-कभार अपनी माटी और अपने लोगों से लगाव की खातिर पार्टी हितों से आगे जाकर भी मुखर होती थी। यही कारण था कि छत्तीसगढ़ का गठन इतनी सुचारुता और सुगमता से संभव हो सका। अपने समकालीन मित्रों और वरिष्ठों के साथ डॉ रमन ने समय-समय पर अपने संसदीय ज्ञान को परवान चढ़ाया है। अच्छे बर्ताव और सुहृद बनकर उन्होंने दल के बाहर भी सबका स्नेह और सम्मान अर्जित किया। लॉबी कार्य में कुशल हुए बिना लंबी संसदीय पारी खेल पाना किसी के लिए संभव नहीं होता। इस क्षेत्र में भी उन्होंने स्वस्थ मानदंडों के सहारे अपनी योग्यता सिद्ध की है। वह छत्तीसगढ़ के अग्रगण्य संसदविद हैं। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक निष्पक्ष ,निर्भीक, अनुभवी और मर्मज्ञ व्यक्ति छत्तीसगढ़ को मिला है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की विधानसभा अपनी गौरवपूर्ण परंपरा को आगे बढ़ाएगी।

*-लेखक पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा*


# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पी के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए

हमारा देश गांवों का देश है। यहां पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांवों की दशा सुधारने के लिए कहा था कि अगर पंचायती राज संस्थाएं उचित तरीकों से काम करती हैं और आम जन विकास के कामों में भाग लेता है, तो देश में माओवादी खतरे का मुकाबला भी किया जा सकता है। पंचायतें लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी और आधार होती हैं। गांवों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा जिम्मेदारी पंचायतों की होती है। पंचायतों से यही उम्मीद होती है कि वे अपने-अपने गांव में अच्छा बदलाव और विकास करेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेंगी।

*-राकेश गुप्ता, कांकेर*

## संकल्प यात्रा
चंद्रशेखर साहू



# विकसित भारत का संकल्प सबका विकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी अपने संबोधनों में बार-बार विकसित भारत को निर्मित करने के लिए ठोस कार्ययोजना की बात करते हैं। भारतीय जनों की श्रम शक्ति और देश भक्ति को विकास की शक्ति में रूपांतरित करने के लिए विकसित भारत की परियोजना पर काम कर रहे हैं। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी के 'आह्वान' को साकार रूप देने की कोशिश के रूप में भी देखा जा सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए 'जनभागीदारी' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। यह भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल है। यह पहल 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करेगी। केवल एक महीने की छोटी सी अवधि में, यह यात्रा देश की 68,000 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है। इसके अलावा, लगभग 2 करोड़ व्यक्तियों ने विकसित भारत संकल्प भी लिया है और केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा न केवल एक भरोसा है, बल्कि वास्तविक सुधारों से भरी एक यात्रा है। यहां कुछ उपलब्धियों को दर्शाया गया है जो प्रगति की अहम तस्वीर प्रस्तुत करती हैं।




पीएम मोदी के नेतृत्व में, लोगों के लिए गैस सिलेंडर, आधार अपडेट, ऋण और बैंक खाते जैसी आवश्यक चीजों तक पहुंच अधिक सुलभ हो गई है।' विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हुए जोर दिया गया है , 'मोदी की गारंटी के तहत, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी वंचित न रहे।'

बीमा योजना और पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं को शामिल करने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाया गया , जिसमें व्यक्तियों से 60 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर अपना भविष्य सुरक्षित करने का आग्रह किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के व्यापक मिशन के साथ इन पहलों को जोड़ते हुए, उन्होंने सामुदायिक कल्याण और सक्रिय भागीदारी की सामूहिक भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा। सरकार ने जनता को तपेदिक (टीबी) और रोगी देखभाल के लिए आवश्यक उपायों के बारे में शिक्षित करने में भी काम किया। उपचार के लिए पोषण संबंधी सहायता और आवश्यक दवा के प्रावधान शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविरों में भाग लेने और स्वास्थ्य जांच और जागरूकता के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन के किए जाए । यह रणनीति 'व्यक्तियों को उनकी भलाई के लिए आवश्यक स्वास्थ्य ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।'

जैसा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपनी व्यापक पहुंच जारी रखी है, इस तरह की जमीनी स्तर की पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव को दूरगामी है। प्रधानमंत्री का का दृढ़ विश्वास एक सूचित और समावेशी समाज को आकार देने के लिए आवश्यक निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देता है। यह सामूहिक प्रयास एक अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भारत की दिशा में एक मार्ग प्रशस्त करता है, जो सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य की सामूहिक आकांक्षा के साथ प्रतिध्वनित होता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा देश को नए पायदान पर खड़ा करने की एक सशक्त और महत्वाकांक्षी पहल है, हमें इस यज्ञ में भारतीय नागरिक के रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ज़ी का विजन है की आगामी दशकों में युवा, वृद्ध, महिला, किसान, श्रमिक, उद्यमी सभी को साथ लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनो का साकार करते हुए एशिया और विश्व पटल पर भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरने वाला है । यह सदी चुनौती के साथ साथ संभावनाओ से भरी हुई है, इस दृष्टी से विकसित भारत का संकल्प वैश्विक समस्या का भी समाधान करक पहल सिद्ध हो सकता है एवं 'श्रेष्ठ भारत - एक भारत - नया भारत' की अवधारणा विकसित भारत संकल्प यात्रा से सार्थक होगी।

## ट्रेंड

### उत्साह बढ़ाने वाला



वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हमारी माताओं और बहनों ने बताया कि किस तरह उज्ज्वला और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से उनका जीवन आसान हुआ है। किस तरह से उन्हें लाभ मिल रहा है। यह हम सभी के उत्साह बढ़ाने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं



जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करना हर नागरिक का सांविधानिक अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेकर सत्ता चलाने वालों को याद दिलायी जाए। नियमों के उल्लंघन पर यदि दुर्भावना आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### एक उत्कृष्ट सीख



मेरे पिता कभी सख्त नहीं थे। उन्होंने मुझे यह चुनने दिया कि मैं जीवन में क्या करना चाहता हूं और समर्थन किया। जिस तरह से उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण किया और आज़ादी दी। वह पालन-पोषण के लिए एक उत्कृष्ट सीख है।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### गाने में जान भर दी



तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा, वादों का, इरादों का और अपने यारों का यार, एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी।

-शाहरुख खान, अभिनेता

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## कोर्ट से मुस्लिम पक्ष बोला लीक नहीं हो अंदर की बात

# एएसआई ने ज्ञानवापी की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपी, याचिकाकर्ताओं को 21 दिसंबर को मिलेगी कॉपी

*ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। एएसआई ने इसकी रिपोर्ट सोमवार को वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी। रिपोर्ट के साथ दी गई सामग्री जिलाधिकारी के संरक्षण में दे दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी की काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोमवार को एएसआई ने जिला जज की अदालत में सौंप दी। कोर्ट के आदेश पर पूरी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है। सर्वे में जुटाई गई सामग्री डीएम को सौंपी गई है।

रिपोर्ट को लेकर मुस्लिम पक्ष ने भी एक अर्जी दाखिल की है। इसमें रिपोर्ट के साथ ही बिना हलफनामे के किसी को भी सार्वजनिक नहीं करने की इजाज़त न देने की मागं की गई है। अब अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

1. अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी
2. सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी के सर्वे की मंजूरी मिली थी



### रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी

*दिल्ली की राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से श्रृंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई के तहत जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दिया था। जिला जज की अदालत ने एएसआई को सर्वे कर सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करने का आदेश एएसआई को दिया था। पहले यह रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी। लेकिन बारिश और अन्य कारणों का हवाला देते हुए एएसआई लगातार रिपोर्ट जमा करने के लिए समय मांगता रहा।*

### 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था

वाराणसी जिला जज के आदेश पर 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था। लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट फिर हाईकोर्ट पहुंचने से रुक गया था। इसके बाद 4 अगस्त को दोबारा सर्वे शुरू हुआ और 16 नवंबर तक चला।जिला जज का आदेश मिलते ही 24 जुलाई को एएसआई की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। हालांकि, मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। इसके बाद उसी दिन यानी 24 की शाम को सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगा दी थी । इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी सर्वे की मंजूरी मिली। 4 अगस्त से एएसआई के देशभर से आए विशेषज्ञों ने सर्वे शुरू किया। 4 अगस्त से जारी सर्वे 16 नवंबर को पूरा हो गया। वाराणसी कोर्ट ने शुरुआत में सर्वे के लिए 28 दिन का वक्त दिया था। उसके बाद एएसआई की मांग पर कोर्ट ने सर्वे का वक्त 3 बार बढ़ाया।

## खबर संक्षेप



### बारिश से स्टेशन पर फंस गए 800 रेल यात्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारी बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं और जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। राज्य के दक्षिणी हिस्से में मूसलाधार बारिश केचलते श्रीवाइकुंतम रेलवे स्टेशन पर करीब 800 यात्री फंस गए। राज्य में लगातार 30 से ज्यादा घंटे से बारिश जारी है। ऐसे में घरों में पानी भर गया है। कई पुल डूब गए हैं। यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालात ये हैं कि लोगों को बचाने के लिए सेना से मदद मांगनी पड़ी। राहत एवं बचाव कार्य के लिए 250 लोगों की टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई है। यहां प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और सभी यात्रियों को निकालने के प्रयास किए जा रहे है। जगह जगह राहत एवं बचाव के लिए टीमें तैनात की गई हैं।




### बदलेगी सूरत,मुंबई में बसेगी 'थर्ड मुंबई'

**मुंबई।** बढ़ती आबादी को देखते हुए लोगों को बेहतर हाउसिंग, इंस्फ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट सुविधाएं देने के मकसद से महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए तहत एक नया शहर बसाने का फैसला लिया गया है, इसे थर्ड मुंबई नाम दिया गया है। यह नया शहर नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास विकसित होगा। मुख्य शहर से इसका जुड़ाव मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के जरिए होगा। सूत्रों के मुताबिक पिछले हफ्ते प्रदेश सरकार ने इस प्रस्ताव के लिए हामी भर दी थी।मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को एमएमआर के अंतिम छोर को नया रूप देने की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। साथ ही समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।



### परिवहन मंत्री ने मांगी घटना की पूरी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के दरवाजे में फंसकर महिला के घसीटने और बाद में उसकी मौत को लेकर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने नोटिस जारी कर डीएमआरसी से इस घटना की पूरी जानकारी मांगी है। इस बारे में मिली जानकारी अनुसार मंत्री गहलोत ने सोमवार को बोलते हुए कहा कि ऐसी दुखद घटना से बहुत दुख होता है। इस मामले पर मैंने डीएमआरसी को पत्र लिखकर कहा है कि उक्त घटना की जांच से जुड़ी पूरी रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे। हमने डीएमआरसी के एमडी सतीश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि इस मामले की पूरी जांच रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भी भेजी जानी चाहिए।

### 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की जगह नया बिल

# सिम कार्ड के लिए लगेगा 'अंगूठा', बिना सहमति नहीं भेज सकेंगे प्रोफेशनल मैसेज

*केंद्र सरकार ने 138 साल पुराने इंडियन टेलीग्रॉफ एक्ट को बदलने के लिए लोकसभा में भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को पेश कर दिया है। नए कानून में सिम कार्ड के लिए बायोमैट्रिक जरूरी होगा। इसके अलावा आपात स्थिति में किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेक ओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने का अधिकार सरकार के पास होगा, वहीं कोई भी कंपनी ग्राहक की सहमति के बिना प्रोफेशनल मैसेज नहीं भेज सकेगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम को बदलने से संबंधित भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को सोमवार को लोकसभा में पेश किया। संचार, इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के जोरदार हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया। इस विधेयक के जरिये सरकार नया दूरसंचार कानून बनाने का प्रस्ताव कर रही है, जो टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की जगह लेगा। इस विधेयक को मंत्रिमंडल ने अगस्त में मंजूरी दी थी। इस मसौदा कानून के जरिये दूरसंचार कंपनियों के लिए कई अहम नियम सरल तो होंगे ही, इसके जरिये उपग्रह सेवाओं के लिए भी नये नियम लाये जाएंगे। विधेयक में दूरसंचार नियामक संस्था ट्राई के अधिकार क्षेत्र में फेरबदल के प्रावधान शामिल किये गये हैं।

दूरसंचार विधेयक के मसौदे में उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए ओवर-द-टॉप (ओटीटी) या इंटरनेट आधारित कॉलिंग एवं मैसेजिंग ऐप्स को दूरसंचार की परिभाषा के तहत लाने का प्रस्ताव दिया गया था। हालांकि, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद ऋतेश पांडेय ने विधेयक को 'मनी बिल' के रूप में पेश किये जाने का सदन में विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस विधेयक को राज्यसभा के सूक्ष्म परीक्षण से बचाने के लिए इसे 'मनी बिल' के रूप में पेश कर रही है।

### उपभोक्ताओं को बेवजह विज्ञापन वाले मैसेज से मिलेगी राहत

**नए बिल में क्या**

- सरकार के पास होगा अधिकार, पब्लिक सेफ्टी के लिए टेकओवर या सस्पेंड कर सकेगी मोबाइल नेटवर्क
- इंटरनेट आधारित कॉलिंग और मैसेजिंग सेवाओं के एक महत्वपूर्ण हिस्से को दूरसंचार नियमों के दायरे से मिल सकेगी छूट
- कंपनी द्वारा अपना परमिट सरेंडर करने की स्थिति में लाइसेंस, पंजीकरण आदि की फीस वापस करने जैसे कुछ नियमों होंगे आसान



### पहले ग्राहक की सहमति, फिर विज्ञापन

इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि कंज्यूमर्स को गुड्स, सर्विसेज के लिए विज्ञापन और प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले उनकी सहमति लेनी होगी। इसमें यह भी बताया गया है कि टेलीकॉम सर्विसेज देने वाली कंपनी को एक ऑनलाइन मैकेनिज्म बनाना होगा। जिससे यूजर्स अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सके।

***इन कंपनियों को फायदा***

*नए बिल में टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन को बायपास करने का भी प्रावधान है। नए बिल से रिलायंस जियो, भारती एयरटेल के वनवेब और एलन मस्क के स्टारलिंक जैसे प्लेयर्स को फायदा होगा।*

### अवैध फोन टैपिंग पर 3 साल की जेल, दो करोड़ जुर्माना

अवैध रूप से फोन संचार को बाधित करना, अनधिकृत डेटा स्थानांतरण या दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच हासिल करने का प्रयास करने पर जल्द ही तीन साल तक की कैद की सजा या दो करोड़ रुपए तक का जुर्माना या दोनों लागू हो सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के हित के खिलाफ काम करेगा तो कार्रवाई होगी।

### ऐसी स्थिति में सरकार का कब्जा

टेलीकम्युनिकेशन बिल, 2023 के प्रावधानों के मुताबिक आपदा प्रबंधन या पब्लिक सेफ्टी के हित में किसी भी आपातकाल की घटना पर, केंद्र या राज्य सरकार का कोई भी अधिकृत अधिकारी किसी भी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस या टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क पर अस्थायी कब्जा ले सकता है।

टेलीकम्यूनिकेशन बिल के तहत सरकार दूरसंचार विधेयक के मसौदे में यूजर्स की सेफ्टी को बढ़ाने के लिए ओवर-द-टॉप या इंटरनेट आधारित कॉलिंग एवं मैसेजिंग ऐप्स को दूरसंचार की परिभाषा के तहत लाने का प्रस्ताव है।

### ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर से हो चुनाव

# विपक्षी गठबंधन के सामने बैठक में रहेगा बड़ा मसौदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इंडिया गठबंधन दल की बैठक में इस बार ईवीएम एक बड़े मसौदे के रूप में दिखेगा। तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद ईवीएम पर सवाल फिर से उठने लगे हैं, खासकर मप्र और छत्तीसगढ़ की पराजय कांग्रेस पचा नहीं पा रही। कांग्रेस पार्टी भाजपा की इस जीत ईवीएम से हुए 'खेल' की तरह मीमांसा कर रही है।

भाजपा नेतृत्व वाली राजग गठबंधन को अगले लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने के लिए आकार ले रहे विपक्षी गठबंधन की बैठक में मप्र और छत्तीसगढ़ की कुछ सीटों से उठाए गए नमूनों के आधार पर कांग्रेस पार्टी की ओर से गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं को इसके लिए तैयार करने की कोशिश होगी। रणनीति है कि केंद्रीय चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से इस बात का दबाव बनाया जाए कि आगामी आम चुनाव ईवीएम मशीन के जरिये नहीं बल्कि पुरानी पद्धति बैलेट पेपर के आधार पर हो। ईवीएम को कैसे हैक किया जा सकता है, कैसे गड़बड़झाले को सिरे से नकारा नहीं जा सकता- इस विषय पर कांग्रेस पार्टी के अंदर काम कर रहे विशेषज्ञों की एक टीम ने पार्टी नेतृत्व को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।

### तालमेल और सीटों के बंटवारे पर भी होनी है चर्चा

विभिन्न राज्यों में सीटों के तालमेल पर गठबंधन दल के बीच बातचीत होनी है साथ ही एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के एजेंडे पर भी बैठक में चर्चा होगी। ताकि उसी विषय को केंद्र बिंदु बनाकर विपक्षी गठबंधन एक साझा चुनावी घोषणा पत्र के साथ आम चुनाव में भाजपा नेतत्व वाले राजग गठबंधन को चुनौती देने उतरें।

### चचा बनाम भतीजा फिर होगा छग में!

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ में नए सिरे से संगठन को खड़ा करने के लिए प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को लोकसभा का चुनाव लड़वाने की योजना बनाई है। अगर योजना ने आकार लिया तो भूपेश बघेल एक बार फिर दुर्ग संसदीय क्षेत्र से अपने भतीजे विजय बघेल से दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। विजय बघेल अभी दुर्ग से लोकसभा सांसद हैं। भाजपा नेतृत्व ने विजय बघेल को सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ प्रत्याशी बनाकर उतारा था जिसमें चचा जीते भतीजे की हार हुई थी। अब टक्कर लोकसभा चुनाव में फिर हो सकती है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को सरगुजा के आसपास के किसी सीट से मैदान में उतारा जा सकता है। टीएस सिंहदेव की अंबिकापुर विधानसभा सीट सरगुजा संसदीय क्षेत्र में है। सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट है इसीलिए उनके लिए अनारक्षित सीट से रास्ता बनाया जा रहा है।

### चंदा मांगने निकली कांग्रेस

# महात्मा गांधी के तिलक स्वराज कोष से प्रेरित कांग्रेस का डोनेट फॉर देश कैंपेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव-2024 से पहले देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चंदा जुटाने के लिए 100 साल पुराने अभियान को याद किया है। कांग्रेस ने धन जुटाने के लिए सोमवार से 'डोनेट फॉर देश' नाम से ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को दिल्ली में ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरुआत करते हुए कहा कि डोनेट फॉर देश अभियान, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और पूंजीवाद लोगों का पक्ष लेने वाली, तानाशाही सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज कोष' से प्रेरित है। भारतीय संविधान के मूल्यों को सुरक्षित रखने एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को संजोए रखना है।



- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक लाख 38 हजार रुपए का दिया चंदा

### क्या है कांग्रेस का चंदा मांगने वाला प्लान

बता दें पार्टी पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीती है और अब 2024 की तैयारी में जुट गई है। फंडिंग के मामले में कांग्रेस अपनी प्रतिद्वंदी भाजपा के आगे कहीं नहीं टकि रही है। भाजपा की संपत्ति कांग्रेस से आठ गुना ज्यादा है। वहीं सभी राष्ट्रीय पार्टियों से दो गुना ज्यादा है। कांग्रेस पार्टी ने 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों से न्यूनतम 138 रुपये या 1380 रुपये या 13,800 रुपए इसी तरह के गुणकों में दान मांगा है। पार्टी ने सदस्यों को कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा।

### मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले 2 नवंबर को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस को गैरकानूनी बताकर इसे वापिस लेने की मांग की थी। केजरीवाल इसी दिन मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर रोड शो में शामिल हुए थे।



### कांग्रेस से गठबंधन पर टीएमसी का रुख साफ

# गठबंधन पर ममता बोलीं: किसी को बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर अपना रुख साफ कर दिया है। उनसे पूछा गया कि क्या वह पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहती है, बेनर्जी ने कहा कि किसी को तो बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी... अगर उनके पास सही कारण हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल में उनके पास सिर्फ दो सीटें हैं।

मैं बात करने और चर्चा करने के लिए तैयार हूं...'' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन बिल्कुल संभव है। बता दें यह बात आज मंगलवार को इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले सीएम ममता बेनर्जी ने कही है।

### आज गठबंधन की बैठक एक बेहतर अवसर



सीएम ममता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का पीएम उम्मीदवार 2024 के चुनाव के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन निश्चित रूप से संभव है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सभी साथ होंगे। इस (सीट बंटवारे) मामले पर चर्चा का अवसर मंगलवार की बैठक में मिलेगा। इस पर ज्यादातर राजनीतिक दल एक-एक सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हो सकता है कि एक या दो सहमत न हों... मेरा कोई विरोध नहीं है।

### *सदन सर्वोच्च तो डरते क्यों हैं?*

संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 33 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मुख्यमंत्री बेनर्जी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सामूहिक रूप से उन्हें सभी को निलंबित करना होगा। अगर वे सोचते हैं कि सदन सर्वोच्च है तो क्यों डरते हैं?

### 240 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है अयोध्या का रेलवे स्टेशन

# राम की नगरी का रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से होगा लैस

*अयोध्या में पिछले चार साल से बन रहे रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या का कायाकल्प करने के लिए लगातार योगी सरकार काम कर रही है। एक तरफ सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एयरपोर्ट की भी शुरुआत इसी महीने होने वाली है। इसके साथ ही पिछले चार सालों से अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर के तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 31 दिसंबर तक हो जाएगा काम पूरा

**खास बातें**

- यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं
- 10 हजार वर्गमीटर में फैला है स्टेशन



### इस तरह की होंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

अयोध्या रेलवे स्टेशन का काम 31 दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। नए भवन में फिनिशिंग का काम चल रहा है। यहां बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर, एसी वेटिंग रूम, वॉशरूम, पेयजल बूथ, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाएं तैयार हो चुकी हैं। पूरे भवन को वातानुकूलित बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था होगी। स्टेशन करीब तीन किलोमीटर लंबा होगा।

### रेलवे स्टेशन के फेज 1 का काम हुआ पूरा

इसमें पहले चरण में अयोध्या स्टेशन के विस्तार को लेकर रेलवे की तरफ से 240 करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। स्टेशन को नया लुक दिया जा रहा है। इसमें खूबसूरत भवन, पार्किंग, कर्मचारियों के लिए आवास, रेलवे पुलिस के लिए कार्यालय, तीन नए प्लेटफार्मों का निर्माण, रोड निर्माण, ड्रेनेज संबंधी कार्य सहित अन्य काम हो रहे हैं। बिल्डिंग की बात करें तो यह 10 हजार वर्गमीटर में फैला है।

### निफ्टेम के 14 छात्र पहुंचे हिमाचल

# गांव गोद लेकर छात्रों ने उठाया ग्रामीणों की उन्नति का बीड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) के बीटेक व एमटेक के 14 छात्रों ने एक गांव को गोद लेकर वहां के ग्रामीणों की उन्नति का बीड़ा उठाया है। हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले इस बडसर गांव में छात्रों का समूह पहुंचकर कौशल विकास उद्यमिता के लिए अलसी के घरेलू उपयोगों पर हेंड्स आन प्रशिक्षण दे रहा है। ग्रामीणों की आर्थिक मजबूती के लिए आयोजित इस नौ दिवसीय विशेष कार्यक्रम में छात्र बडसर गांव के खाद्य विभाग एचओडी डॉ. रजनी चोपड़ा के नेतृत्व में पहुंचे हैं।

निफ्टेम का यह ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम है। अलसी इस क्षेत्र का स्थानीय उत्पाद है। दिनरात परिश्रम कर ग्रामीण इसका शत प्रतिशत उत्पादन करते हैं। लेकिन, इस परिश्रम के बदले उन्हें जितना प्रतिफल मिलना चाहिए, उसकी कमी ग्रामीण खुद महसूस करते हैं।

# अरबपति की कहानी, सिर्फ 10000 से बनाई 15.65 लाख करोड़ की नेटवर्थ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक दौर था जब भारत में औद्योगिक घरानों का मतलब टाटा-बिड़ला हुआ करता था। मौजूदा समय में ये मेटाफर अब अंबानी-अदाणी को मिल चुका है। लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं जो अपने काम से काम रखते हैं, मीडिया की चमक से दूर रहते हैं।

- सन 1982 में शुरू की दवा कंपनी सन फार्मा

इस उद्योगपति की कहानी भी ऐसी है जिसने कभी 10,000 रुपए लेकर अपना कारोबार शुरू किया था, जो अब 15.65 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ में बदल चुका है। जी हां, यहां बात हो रही है सन फार्मा की शुरूआत करने वाले दिलीप संघवी की, जो भारत के 8वें सबसे अमीर इंसान हैं। उनकी नेटवर्थ 15.65 लाख करोड़ रुपए है। उनकी कंपनी देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी है। उन्हें 'रिल्यूटेंट बिलिनियर' जैसे उपनाम से भी जाना जाता है।

## भारत के सबसे अमीर शख्स दिलीप संघवी सूची में आठवें स्थान पर

### 100 से ज्यादा देशों में फैला कारोबार

आज सन फार्मा का कारोबार 100 से ज्यादा देशों में फैला है। देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी होने के साथ ही ये दुनिया की चौथी सबसे बड़ी जेनरिक दवा कंपनी है। इसका रिवेन्यू 44,971 करोड़ रुपए हो चुका है। अपनी बायोग्राफी में उन्होंने बताया कि पैसे को लेकर मीडिया की दीवानगी की वजह से वह उससे दूरी बनाकर रखते हैं। ये आपको मुंबई के अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जाकर एक प्लेट इडली खाने से भी रोकती है।






### उधार से शुरू हुआ कारोबार का सफर

दिलीप संघवी के अरबपति बनने के सफर की शुरुआत 1982 में हुई थी। उनके पिता कोलकाता में दवाओं के डिस्ट्रीब्यूटर थे, लेकिन दिलीप कुछ बड़ा करना चाहते थे। उन्होंने अपने पिता से 10,000 रुपए उधार लेकर दवाएं बनाने का काम शुरू किया। उनके पास बिजनेस चलाने की कोई फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं थी, बस भवानीपुर कॉलेज से कॉमर्स में ग्रेजुएट किया था।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने खरीदा 100% ट्रेसोबल 'रैंडप्योर' सोना

रायपुर। अग्रणी ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 100% ट्रेसेबल 'रैंडप्योर' सोना खरीदने के लिए दुनिया के अग्रणी सोना-चांदी रिफाइनरों में एक रैंड रिफाइनरी के साथ साझेदारी की। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी - इंटरनेशनल ऑपरेशंस शामलाल अहमद ने डीन सुब्रमण्यन (सीएफओ - रैंड रिफाइनरी) और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रवीण बैजनाथ (सीईओ - रैंड रिफाइनरी) से 100% ट्रेसेबल व एथिकली सोर्स किए गए 'रैंडप्योर' सोने की पहली खेप प्राप्त की। रैंड रिफाइनरी को लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) से मान्यता मिली हुई है और वह दक्षिणी गोलार्ध में एकमात्र रेफरी दर्जा प्राप्त रिफाइनर है।

## सोना 100 रुपए मजबूत चांदी 350 रुपए चमकी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**PUBLIC NOTICE**

I, Vinay Kumar S/o Magan Singh, R/o C-223, Sec-44, Noida UP-201301 have purchased a property bearing No. 2309 in E-square, Sector 96, Noida, UP. I have lost the original allotment letter of the above property, we have requested to M/s. Hotshot Developers (P) Ltd. to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s. Hotshot Developers (P) Ltd. office Plot No. C-2, Sector-96, Noida-201303 (U.P), within 15 days

## डीपीआईआईटी के सचिव सिंह ने दी जानकारी

# सरकार एसी, समेत दक्ष उपकरणों के लिए विश्व बैंक के साथ करेगी काम

- निवेश राशि वाली समग्र परियोजना कर रही तैयार
- कूलिंग उपकरणों की मांग व पूर्ति पर दिया जाएगा ध्यान
- बेहतर प्रौद्योगिकी के एसी पेश करने पर होगा सरकार का ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार घरेलू बाजार में अत्यधिक दक्ष एयर कंडीशनर (एसी) समेत ठंडा रखने वाले किफायती उत्पादों के विनिर्माण एवं उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए विश्व बैंक के साथ मिलकर उल्लेखनीय निवेश राशि वाली एक 'समग्र' परियोजना लेकर आने की तैयार कर रही है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित परियोजना के जरिये किफायती कूलिंग उपकरण क्षेत्र की मांग एवं आपूर्ति दोनों पक्षों पर ध्यान दिया जाएगा।

### एसी की मांग लगातार बढ़ रही

परियोजना के तहत क्षमता निर्माण और बेहतर प्रौद्योगिकी से लैस अत्यधिक सक्षम एयर कंडीशनरों को पेश करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित रहेगा। दरअसल देश में गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनरों की मांग लगातार बढ़ रही है और गर्मियों का प्रकोप बढ़ते जाने से आने वाले समय में इन उपकरणों की मांग और बढ़ने की संभावना है।




### भारत के पांच फीसदी घरों में ही एसी

सिंह ने कहा कि भारत में सिर्फ पांच प्रतिशत घरों में ही एयर कंडीशनर की पहुंच है और अगर यह 30 प्रतिशत के वैश्विक अनुपात तक पहुंचता है तो कूलिंग उपकरणों की मांग विस्फोटक ढंग से बढ़ जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य संबद्ध पक्षों को एक साथ लाना है।





### विश्व बैंक रियायती दर पर कर्ज मुहैया कराएगा




इसमें विश्व बैंक की तरफ से रियायती दर पर कर्ज मुहैया कराया जाएगा और भारत सरकार भी उतनी ही राशि का निवेश करेगी। उन्होंने उद्योग जगत से एयर कंडीशनरों के बारे में मांग एवं आपूर्ति पक्ष से जुड़े सभी जरूरी पहलुओं पर फीडबैक देने का अनुरोध किया।

### गर्मी बढ़ने से अधिक दक्षता के एसी कारगर



खास तौर पर दुनिया भर में बढ़ती भीषण गर्मी बढ़ने से अधिक दक्षता वाले एयर कंडीशनर अधिक कारगर होंगे। सिंह ने कहा कि शुरुआती दौर में इन अत्यधिक सक्षम एयर कंडीशनरों की लागत अधिक रह सकती है लिहाजा इनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की जरूरत है और इसके लिए कुछ हस्तक्षेप भी करना पड़ सकता है।

### घरेलू विनिर्माण को दिया जाएगा बढ़ावा

इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार इनके घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह परियोजना लेकर आने वाली है। सिंह ने यहां एक कार्यशाला में शिरकत करते हुए कहा, हम विश्व बैंक के साथ लाई जाने वाली परियोजना के बारे में बहुत जल्द एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अपलोड करेंगे।

### अधिक दक्षता के एसी फाइव स्टार से बेहतर

डीपीआईआईटी सचिव ने कहा, हम इस क्षेत्र में न सिर्फ निजी विनिर्माण बल्कि शोध एवं विकास और क्षमता निर्माण के लिए भी बारे में भी ठोस निवेश लाने से संबंधित परियोजना पर काम शुरू करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अधिक दक्षता वाले एयर कंडीशनर इस समय बाजार में उपलब्ध फाइव स्टार एयर कंडीशनरों की तुलना में 30-40 प्रतिशत तक बेहतर हैं।

## गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम **वंदना**, पुत्री रघुवीर, निवासी सी–134, सुरेंद्र का घर, तैमूर नगर, एनएफसी, दिल्ली, जो दिनांक 04.12.2023 से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 74ए, दिनांक 04.12.2023,** को **पुलिस थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली**, में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।


वंदना

इस लापता महिला का विवरण इस प्रकार है :
**लिंग** : स्त्री, **उम्र** : 20 वर्ष, **कद** : 5'3'', **रंग** : गेहुंआ, **शरीर**: मध्यम, **पहनावा** : लाल सूट और सलवार, पैरों में गेहुंआ रंग की चप्पल।
इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/14345/SE/2023**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली
फोन नं. : 8750870924
ई-मेल : sho-newfriendclny-dl@nic.in

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **निवासी**: नामालूम, **उम्र**: लगभग 25–30 साल, **कद**: 5'6'', **रंग**: सांवला, **चेहरा**: चेहरा, **शरीर**: पतला, **कपड़े**: नीले रंग की टी–शर्ट व भूरे रंग की हाफ पैन्ट पहने हुए है जो दिनांक 01.07.2022 को प्लेटफॉर्म नं. 2–3, पार्सल ऑफिस के निकट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया था। इस संदर्भ में डी.डी. संख्या 38ए दिनांक 01.07.2022 थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष :**
**थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**DP/14545/Rly/2023 दूरभाष सं. 011– 23961522, 9868554913**

# शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 168.66 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। एशिया के ज्यादातर बाजारों के कमजोर रुख के बीच निवेशकों के मुनाफावसूली करने से यह गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 168.66 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,315.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.46 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 38 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,418.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

**ज्योतिष**

**फोन करते ही जिन्दगी संवारे**
**खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां**
**खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
**आपके विश्वास का एक ही नाम**
**21 सालों से एक ही स्थान पर**
**मियां पठान बंगाली**
**गोल्ड मेडलिस्ट**
**स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी**
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
**7500542070**
https://www.miyapathanjibangali.com

## राशिफल

**मेष** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** – नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** – कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** – मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** – मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** – नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** – वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग–दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## दिल्ली में मैथिली भोजपुरी अकादमी ने किया विद्यापति पर्व का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मैथिली-भोजपुरी अकादमी एवं जन जागृति मंच पालम, दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दादा देव मन्दिर मेला ग्राउण्ड, पालम, द्वारका, नई दिल्ली में मैथिली साहत्यि के सुप्रसिद्ध महाकवि विद्यापति के आदर्शों को समाज तक पहुचाने के लिये विद्यापति पर्व समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के विधायक एवं मैथिली-भोजपुरी अकादमी के उपाध्यक्ष संजीव झा ने कहा कि भाषा के विकास के लिये सरकार के साथ-साथ आम लोगो की रूचि भी आवश्यक है। महाकवि विद्यापति ने मैथिली साहत्यि के लिये 14वीं शताब्दी में अनेक काव्यों की रचना की। आज पालम के लोगों द्वारा इनके सम्मान में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कर मैथिली भाषा एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। दिल्ली के मैथिली भाषी लोगों की सरकार से समय-समय पर मांग रही है कि दिल्ली में मैथिली भाषा के अययन अध्यापन की व्यवस्था की जाय इसके लिये दिल्ली सरकार मैथिली एवं भोजपुरी अकादमी के साथ मिल कर इस पर कार्य कर रहे हैं और मैथिली भाषा के पठन पाठन की व्यवस्था की जायेगी।

## नए अनुसंधानों पर चर्चा के लिए शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों का सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** अनुसंधान में नवीनतम विकास का पता लगाने और चर्चा करने के लिए विद्वानों शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के एक विविध समूह को एक सम्मेलन में एक साथ लाया गया। अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत सम्मानित अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद ज्ञान के श्रोत का आह्वान करने के लिए सरस्वती वंदना की गई। कुलपति प्रो. (डॉ.) अंकुश मित्तल ने स्वागत भाषण दिया, जिससे बौद्धिक रूप से प्रेरक कार्यक्रम का माहौल तैयार हुआ। मुख्य भाषण इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंज्यूमर स्टडीज के मुख्य संपादक और प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जस्टिन पॉल द्वारा दिया गया। प्रो. एस.पी. मल्होत्रा और प्रियंका श्रीवास्तव ने अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, जिससे दोपहर के भोजन के बाद विचारोत्तेजक शोधपत्रों की प्रस्तुति का मार्ग प्रशस्त हुआ। दूसरे दिन की शुरुआत मुख्य अतिथिए श्री नीरज गुप्ताए एसोसिएट डायरेक्टर . किंडरिल के संबोधन के साथ हुईए जिसने ज्ञानवर्धक चर्चाओं से भरे दिन के लिए मंच तैयार किया। सम्मानित अतिथिए बॉक्सपे के सह.संस्थापकए श्री पुनीत सिंह ने 'अनुसंधान और प्रथाओं के विकसित परिदृश्य पर मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किए।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## स्वास्थ्य-सेवा के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए लॉन्च किया रिलायंस हेल्थ ग्लोबल

**नई दिल्ली।** भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में से एक रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आरजीआईसीएल ने रिलायंस हेल्थ ग्लोबल को लॉन्च किया है, जो दुनिया भर की स्वास्थ्य सेवाओं को भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई एक हेल्थकेयर पॉलिसी है। यह पॉलिसी भारत के साथ-साथ इसकी सीमाओं के बाहर पूरी दुनिया में सुरक्षा का कवरेज देती है, जो ऐसे लोगों को सहज तरीके से बेमिसाल अनुभव प्रदान करती है, जिन्हें ग्लोबल लाइफ़स्टाइल की आदत हो चुकी है और जो चाहते हैं कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर आसानी से उपलब्ध हो। रिलायंस हेल्थ ग्लोबल ढेर सारी बेमिसाल सुविधाओं की पेशकश करता है, जिसने हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रस्तावों को एक नई परिभाषा दी है।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका धारूहेड़ा | एम.सी. धारूहेड़ा में माता मंदिर से एम.सी. सीमा तक शीतल राजस्व रास्ता (166) का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 1.49 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7042342281 SECY.MC.DHARUHERA@GMAIL.COM |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23496/I/88/7 दि. 18.12.23

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 17, एम.सी. रोहतक में पुराना पुलिस थाना, पुराना बस स्टैंड के निकट पार्क की चारदिवारी के निर्माण हेतु आकलन। | 14.12.2023 27.12.2023 | 20.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी.आर. के अधिकार-क्षेत्र के तहत वार्ड नं. 9, 11 और 12 में कुछ स्थानों पर मैनहोल्स और जी.टीएस कवर करने वाले रैम्पूस के विखण्डन समेत सेक्टर-1, 2, 3, 4, 2पी, 3पी और 14 में बकेट मशीन और सक्शन-कम-जैट्टिंग मशीन द्वारा स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन को साफ करना। | 14.12.2023 16.01.2024 | 202.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | रोहतक में पुराना बस स्टैंड के निकट, सीएमसी कैम्प कार्यालय और लाइब्रेरी एम.सी. के निकट वाटर कुलर और आर.ओ. की स्थापना। | 14.12.2023 27.12.2023 | 5.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में गांव अस्थल बोहर कॉलोनी में धनखड़ जनरल स्टोर से रवीश राठी और विरेन्द्र मलिक तथा सुनील कॉर्नर के मकान से दिनेश पंडित और राजेन्द्र हुड्डा के मकान के निकट गली में आईपीबी टाइल की मरम्मत और आईपीबी टाइल का निर्माण + 5 कार्य। | 14.12.2023 28.12.2023 | 97.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/80/23488/I/88/7 दि. 18.12.23

## शब्द पहेली - 5368



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 5367 का हल



## सूडोकु नवताल - 5378

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# पहली बार दुबई में होगी आईपीएल मिनी नीलामी, 333 खिलाड़ी शार्टलिस्ट, 77 के भविष्य का होगा फैसला



## सभी टीमों के पर्स में कुल 262.95 करोड़

## 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़

### फ्री में देखें ऑक्शन

- ऑक्शन इस बार दुबई में मंगलवार को होने वाली है।
- ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू हो जाएगी।
- ऑक्शन को फैन्स स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनल्स पर लाइव देख सकेंगे।

एजेंसी ⏭ दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 मिनी ऑक्शन को लेकर क्रिकेट फैन्स का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। यह नीलामी मंगलवार को दुबई में होने वाली है। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा, जब नीलामी विदेश में होगी। इस नीलामी में 333 खिलाड़ियों की बोली लगने वाली है। इस बार यह मिनी ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे शुरू होगी। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर हैं। साथ ही इस लिस्ट में 111 कैप्ड और 215 अनकैप्ड प्लेयर हैं। बता दें कि आईपीएल 2024 के लिए सभी 10 टीमों के पास कुल 77 खिलाड़ियों की ही जगह है। यानी शॉर्टलिस्ट किए गए प्लेयर्स में से अधिकतर 77 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। सभी टीमों के पर्स में कुल मिलाकर 262.95 करोड़ रुपए हैं। लिस्ट में 23 प्लेयर ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। जबकि 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपए रखा गया है। इनके अलावा 1 करोड़, 50 लाख, 75 लाख, 40 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपए बेस प्राइस वाले प्लेयर भी लिस्ट में शामिल हैं।



### स्टार्क, रचिन पर लग सकती है बड़ी बोली

*आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पर इस बार सबसे बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पर भी टीमें करोड़ों लुटा सकती हैं। रचिन का बेस प्राइस सिर्फ 50 लाख है, लेकिन वनडे विश्व कप के प्रदर्शन को देखते हुए उन पर बड़ी बोली लगना तय है।*

### 215 अनकैप्ड खिलाड़ी

आईपीएल नीलामी की बात करें तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

#### टीमों के पर्स में बची राशि

| टीम | राशि |
|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 31.4 करोड़ |
| दिल्ली कैपिटल्स | 28.95 करोड़ |
| गुजरात टाइटंस | 38.15 करोड़ |
| कोलकाता नाइटराइडर्स | 32.7 करोड़ |
| लखनऊ सुपरजाएंट्स | 13.15 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | 17.75 करोड़ |
| पंजाब किंग्स | 29.1 करोड़ |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 23.25 करोड़ |
| राजस्थान रॉयल्स | 14.5 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 34 करोड़ |



### मल्लिका सागर कराएगी ऑक्शन

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक इस बार खिलाड़ियों की नीलामी मल्लिका सागर कराएंगी। देखा जाए तोआईपीएल इतिहास में पहली बार किसी महिला को ये जिम्मेदारी मिली है। मल्लिका सागर महिला प्रीमियर लीग की शुरुआती दो नीलामी में भी ऑक्शनर रह चुकी हैं। मल्लिका आर्ट की दुनिया की एक जानी-मानी हस्ती हैं और वह कई आर्ट ऑक्शन कंडक्ट कर चुकी हैं।

### अनजान खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा

*आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बीसीसीआई अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए एक प्रोत्साहन योजना शुरू करने जा रहा है। इस इंटेसिव प्लान का मकसद अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों की सैलरी को बढ़ाना है। अभी तक ऐसा होता है कि कोई अनकैप्ड प्लेयर आईपीएल ऑक्शन में जिस कीमत पर खरीदा जाता है तो उसे तीन सालों तक वही सैलरी मिलती है। लेकिन अब नए नियम के तहत आईपीएल ऑक्शन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर नीलाम हुआ खिलाड़ी एक सीजन से दूसरे सीजन के बीच जितने इंटरनेशनल मैच खेलेगा, उसकी सैलरी फ्रेंचाइजी को उसी हिसाब से बढ़ानी होगी। उदाहरण के लिए कोई खिलाड़ी यदि ऑक्शन में 50 लाख से कम कीमत में बिकता है और फिर वो कम से कम एक इंटरनेशनल मैच खेलता है तो फ्रेंचाइजी उसकी सैलरी बढ़ाकर 50 लाख रुपए करेगा। 5-9 इंटरनेशनल मैच खेलने पर फ्रेंचाइजी को उस खिलाड़ी की सैलरी 75 लाख रुपए करनी होगी। वहीं अगर खिलाड़ी दो आईपीएल सीजन के बीच 10 इंटरनेशनल मैच खेल लेगा तो उसकी सैलरी 1 करोड़ रुपए कर दी जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### तारीखों पर फीफप्रो ने जताई निराशा

**जेद्दा।** विश्व फुटबॉल के शासी निकाय फीफा ने रविवार को कहा कि अमेरिका में फीफा क्लब विश्व कप के पहले सत्र का आयोजन 15 जून से 13 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। फुटबॉल खिलाड़ियों के संघ 'फीफप्रो' ने हालांकि फीफा के इस फैसले की आलोचना की है। फीफा ने कहा कि 32-टीमों के इस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर 'मुंडियाल डी क्लब्स फीफा' कहा जाएगा। इसका आयोजन 'अंतरराष्ट्रीय मैचों के कैलेंडर के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से तैयार किया जाएगा' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फाइनल और घरेलू लीग की शुरुआत के बीच पर्याप्त अंतर हो।

### एक और साल टेस्ट खेलने की क्षमता

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली का मानना है कि डेविड वार्नर पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले प्रदर्शन को अगर जारी रखे तो वह एक और साल तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं।



पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में वार्नर की 211 गेंदों पर 164 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 360 रन से जीत दर्ज की। हीली ने कहा, 'मुझे उसके बारे में जो बात पसंद है वह है उसका लगातार खेलने के बावजूद फिटनेस बनाए रखना। हम सभी जानते हैं कि वह कितना फिट है क्योंकि उसने विकेटों के बीच अपनी तेज दौड़ को बनाए रखी है। मुझे यह काफी पसंद आया।'

### प्रणवी अंतिम चरण में संयुक्त 5वें स्थान पर

**माराकेश।** भारत की प्रणवी उर्स सोमवार को यहां लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं।



दो दौर के बाद प्रणवी का कुल स्कोर नौ अंडर है। उन्होंने पहले दौर में अल मादेन कोर्स पर 68 का स्कोर बनाया था। प्रणवी ने दूसरा दौर रॉयल गोल्फ डि माराकेश कोर्स पर खेला। सिंगापुर की शेनन टेन ने भी 68 का स्कोर बनाया और वह प्रणवी के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं।

### क्रिकेट : तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच दोपहर 4.30 बजे

# पाटीदार या रिंकू को मिलेगा पदार्पण का मौका, अफ्रीका के खिलाफ वनडे आज

एजेंसी ⏭ गक्बेरहा

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा। अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे श्रृंखला में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गए जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी।



#### रजत का दावा मजबूत

टीम में हालांकि फिलहाल रिंकू की भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते है। पाटीदार 2022 में भी भारतीय वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था। टीम ने इस श्रृंखला में मैच फिनिशर की भूमिका अनुभवी संजू सैमसन को दी है जो राहुल के बाद छठे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे।

#### तिलक या सैमसन होंगे बाहर

*लिस्ट ए क्रिकेट में रिंकू का औसत लगभग 50 का है ऐसे में टीम प्रबंधन दोनों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगा। इस मैच में पाटीदार और रिंकू दोनों को पदार्पण का मौका मिल सकता है लेकिन इसके लिए तिलक वर्मा या सैमसन को बाहर होना होगा जिसकी संभावना कम दिखती है। पहले मैच में तिलक को सिर्फ तीन गेंद खेलने का मौका मिला जबकि सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।*

#### डिकॉक की खल रही कमी

*दक्षिण अफ्रीका के लिए दिग्गज क्विंटन डिकॉक के संन्यास के बाद टीम में सामंजस्य बैठाने की चुनौती है। डिकॉक की प्रवाहमय बल्लेबाजी के कारण रासी वैन डेर डुसेन, हेनरिक क्लासेन्स और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका मिलता था। उनकी गैरमौजूदगी में टीम के शीर्ष क्रम के सामने भारत के स्विंग गेंदबाजों के खिलाफ सतर्कता से बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी।*


## मानसी-तुलसी को स्वर्ण भगत को दो रजत पदक




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन ने यहां पांचवें फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशल 2023 टूर्नामेंट में महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता जबकि टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो रजत पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता का आयोजन यूएई में 11 से 17 दिसंबर तक किया गया। विश्व पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया की दूसरे नंबर की मानसी और मुरुगेसन की जोड़ी ने एसएल3-एसयू5 महिला युगल वर्ग के फाइनल में लियानी रातरी ओकतिला और खालिमातुस सादिया की इंडोनेशिया की जोड़ी को 15-21, 21-14, 21-6 से हराया। पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक



विजेता भगत को हालांकि एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल के खिलाफ 17-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल एसएल3-एसयू-4 वर्ग में भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी को फाइनल में हिकमत रामदानी और लियानी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन शीर्ष पर



एजेंसी ⏭ लिवरपूल

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी।

लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया। आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवर्ट्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी। तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्टहैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया।

### रियल मैड्रिड 4-1 की जीत से शीर्ष पर पहुंचा

***मैड्रिड।** जूड बेलिंगहैम, रोड्रिगो, ब्राहिम डियाज और लुका मोड्रिक के गोल के बूते रियल मैड्रिड रविवार को विलारियल को 4-1 से शिकस्त देकर ला लिगा की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रियल मैड्रिड की टीम इस जीत के बाद गिरोना पर एक अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मैड्रिड के 17 मैचों में 42 जबकि गिरोना के 16 मैचों में 41 अंक है। रियल मैड्रिड से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर काबिज गत चैंपियन बार्सिलोना को वालेंसिया ने शनिवार को 1-1 की बराबरी पर रोका था।*

## पीएसजी को लिले ने बराबरी पर रोका...

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन को लीग वन मैच में लिले के खिलाफ रविवार को ज्यादातर समय तक बढ़त बनाने के बावजूद 1-1 की बराबरी से संतुष्ट होना पड़ा। काइलियान एमबापे ने मैच के 66वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को बढ़त दिला दी थी। मौजूदा सत्र में एमबापे का यह 16वां गोल था। कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने मैच के आखिरी क्षणों (90+4 मिनट) में गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।



## खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए गुवाहाटी तैयार

**गुवाहाटी।** असम का सबसे बड़ा शहर गुवाहाटी अगले साल फरवरी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे सत्र में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुवाहाटी भारत की खेल राजधानी में बदल रहा है। दक्षिण एशियाई खेलों और खेलो इंडिया युवा खेलों की सफलता के बाद शहर अब खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है।'

### बल्लेबाजी में कम योगदान दे रहे थे रोहित : गावस्कर

# मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे। रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त



किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस हालांकि 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'हमें इसे सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। हम कह सकते हैं कि रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। इससे पहले रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया।'

#### पंड्या ने खुद को साबित किया

*गावस्कर का मानना है की हार्दिक ने गुजरात की टीम के साथ खुद को साबित किया है और मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी से टीम में नई सोच जुड़ेगी। उन्होंने कहा, 'मुंबई ने यह फैसला कर लिया है। वह कप्तानी के मामले में युवा खिलाड़ी है जो गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाकर और एक बार खिताब दिलाकर खुद को साबित कर चुका है। उन्होंने इसी सोच के साथ उसे कप्तान बनाया है, क्योंकि कई बार आपको नई सोच की जरूरत पड़ती है और वह टीम में नई सोच जोड़ सकता है। मुझे लगता है जो फैसला किया गया उससे मुंबई इंडियंस को नुकसान नहीं फायदा ही होगा।'*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

केंद्रीय मंत्री रिजिजू दिखाएंगे हरी झंडी

# भारत शुरू करेगा आज से आर्कटिक के लिए पहला शीतकालीन विज्ञान अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने अनुसंधान स्टेशन हिमाद्रि में पूरे वर्ष उपस्थिति बनाए रखने के प्रयासों के तहत आर्कटिक क्षेत्र में अपना पहला शीतकालीन विज्ञान अभियान मंगलवार को शुरू करेगा। हिमाद्रि भारत का पहला स्थायी आर्कटिक अनुसंधान स्टेशन है। यह नार्वे के स्वालबार्ड में स्थित है। आर्कटिक क्षेत्र के लिए चार विज्ञानियों वाले पहले शीतकालीन अभियान को पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू हरी झंडी दिखाएंगे। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,



आर्कटिक के लिए यह पहला शीतकालीन अभियान है। विज्ञानियों की टीम 30 से 45 दिनों तक न्यालेसुंड के अनुसंधान केंद्र में रहेगी। उसके बाद उनकी जगह दूसरी टीम लेगी।

## माउंट एकांकागुआ हिमालय के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अंटार्कटिका में हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह पांचवीं सबसे ऊंची चोटी है जिसे 36 वर्षीय शेख हसन ने फतह किया है। केरल सरकार के कर्मचारी शेख हसन इससे पहले चार अन्य ऊंची चोटियों - माउंट एवरेस्ट (एशिया), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), और माउंट एल्ब्रस (यूरोप) पर चढ़ाई कर चुके हैं। अगले कुछ दिनों में वह चिली और फिर अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे जहां वह माउंट एकांकागुआ पर चढ़ाई करेंगे, जो हिमालय के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी भी है।

## भारत की अब आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान स्टेशन पर साल भर रहेगी मौजूदगी

भारत की अब आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान स्टेशन पर साल भर मौजूदगी रहेगी, जैसा कि दक्षिणी ध्रुव के पास अंटार्कटिक में है। भारत ने आर्कटिक जलवायु और भारतीय मानसून के बीच संबंधों का अध्ययन करने के उद्देश्य से 2007 में अपना आर्कटिक अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया था। सरकार ने पिछले साल आर्कटिक नीति के तहत इस क्षेत्र में अधिक अनुसंधान स्टेशन और सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन बनाने की योजना साझा की थी।

## माउंट विंसन के शिखर पर फहराया तिरंगा

केरल के शेख हसन खान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन के शिखर पर तिरंगा फहराकर कीर्तिमान स्थापित किया है। अंटार्कटिका के शिविर से हसन ने कहा कि 12 दिसंबर को रात 8.40 बजे (स्थानीय समय) शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने भारतीय

---

मारा गया आतंकी सरगना हाफिज सईद का राइट हैंड हबीबुल्लाह

# पुलवामा और उरी अटैक के आतंकी हबीबुल्लाह को गनमैन ने मारी गोली

*आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था। इसी आतंकी हबीबुल्लाह को पाक के पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक और बड़े आतंकवादी की हत्या हो गई है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हबीबुल्लाह का पाकिस्तान में एक अज्ञात गनमैन ने कत्ल कर दिया। हालांकि, लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह की गोली मारकर किसने हत्या की है, इसका पता नहीं चल पाया है। आतंकवादी हबीबुल्लाह लश्कर चीफ हाफिज सईद का काफी करीबी था और उसकी हत्या सईद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था।

आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात बंदूकधारियों यानी गनमैन ने अब तक लगभग 23 आतंकवादियों को मार गिराया है।



- पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी
- वह पाकिस्तान में अवाम को आतंकी बनने के लिए करता था मोटिवेट
- अब तक 23 से ज्यादा आतंकी मारे जा चुके हैं

### कौन था हबीबुल्लाह?

- *आतंकी हबीबुल्लाह को खान बाबा के नाम से भी जाना जाता था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा के लिए युवाओं को भर्ती करने और प्रशिक्षण देने और उन्हें भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सीमा पार भेजने के लिए जिम्मेदार था।*
- *वह 2016 के उरी हमले में लगभग 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए थे।*
- *वह 2019 के पुलवामा हमले में भी शामिल था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।*

*वह 2020 नगरोटा जम्मू मुठभेड़ में भी शामिल था।*

*हबीबुल्लाह पाकिस्तान नेशनल असेंबली के पूर्व सदस्य दावर खान कुंडी का चचेरे भाई था।*

## दाऊद की मौत की वायरल खबर के बाद समधी क्रिकेटर जावेद नजरबंद



पाकिस्तान से बड़ी खबर आ रही है। मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है और कराची के अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। पाकिस्तान में कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। दाऊद से समधी पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरी परिवार सहित हाउस अरेस्ट किया गया है। दाऊद इब्राहिम भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। सोमवार को भी दिनभर ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं, लेकिन किसी ने सरकारी एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है वह मर चुका है।

### मुंबई हमले का मोस्ट वांटेड है दाऊउ इब्राहिम

दाऊद इब्राहिम का कनेक्शन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज क्रिकेटरों में से एक से है। इस क्रिकेटर के बेटे की शादी दाऊद की बेटी से हुई है और जब यह शादी हुई तो भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में भारी हंगामा हुआ। दाऊद पर 1993 के मुंबई बम धमाकों की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें करीब 250 लोग मारे गए थे। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए थे। इन धमाकों ने मुंबई और पूरे देश में कई दंगों को जन्म दिया। दाऊद पर पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई आतंकी संगठनों के साथ करीबी संबंध रखने का आरोप है।

---

प्रतिबंधित संगठनों के 8 संदिग्ध गिरफ्तार

# आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ एनआईए की 4 राज्यों में छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकरोधी एजेंसी एनआईए ऐक्शन में है। जांच एजेंसी ने आईएसआईएस नेटवर्क मामले में देश के 4 राज्यों में 19 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में एक बहुत ही खतरनाक कट्टरपंथी जिहादी आतंकी समूह का भंडाफोड़ हुआ है। एनआईए ने कर्नाटक में 11, झारखंड में चार, महाराष्ट्र में तीन और दिल्ली में एक स्थान पर छापेमारी की है।

छापेमारी के दौरान, जांच एजेंसी ने कच्चा माल भी जब्त किया, जिसका इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री विकसित करने में किया जाता था। एनआईए ने बेनामी नकदी, सल्फर, पोटेशियम नाइट्रेट, चारकोल, गनपाउडर, चीनी और इथेनॉल जैसे रसायन भी जब्त किए। छापे में जब्त की गई अन्य चीजों में तेज धार वाले हथियार, बेहिसाब नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज के साथ स्मार्टफोन और अन्य डिजिटल डिवाइस भी थे।

आरोपी 'विदेशी हैंडलर' के निर्देश पर भारत में काम कर रहे थे और देश में आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। पिछले हफ्ते, केंद्रीय आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने महाराष्ट्र में 40 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों में से एक आईएसआईएस मॉड्यूल का नेता था और वह नए भर्ती लोगों को निष्ठा की



### संदिग्धों पर एनआईए रख रही बारीकी से नजर

वहीं, 13 दिसंबर को एनआईए ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े कथित संदिग्धों के खिलाफ बेंगलुरु में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। एक सूत्र ने कहा कि ये ऑपरेशन आईएसआईएस को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के निरंतर प्रयासों का अभिन्न अंग हैं।

### कहां से कितने लोगों को गिरफ्तार किया?

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान-मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान और बल्लारी के सैयद समीर के रूप में की गई है। वहीं मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी और मोहम्मद मुजम्मिल को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया है।





**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** One Honda (Meenakshi Garden) - 9120100400, 8448071888; Punjabi Bagh - 8448080272; Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** Smooth Honda (Daryaganj) - 011-48119999, 8010209992, 9873069992; J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**